


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 89 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 11 जनवरी 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-



## ठंड व कोहरे की आगोश में शहर...

**भिलाई।** प्रदेश में ठंड और कोहरे का प्रकोप जारी है। प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में आज भी शीतलहर के साथ घना कोहरा छाया रहा। दुर्ग शहर में बुधवार सुबह छाए घने कोहरे के दौरान रायपुर नाका फ्लाईओवर का नजारा श्रीकंचनपथ के फोटोग्राफर द्वारा ली गई आकर्षक तस्वीर। सुबह से ही शहर कोहरे के आगोश में रहा। वही लोगों को सर्दी का अहसास सताता रहा। लोग जगह-जगह ठंड से बचने अलाव का सहारा लिया। वहीं हाइवे पर कोहरे की वजह से वाहन चालकों को वाहनों की लाईट जलाकर चलना पड़ा।

**-फोटो जर्नलिस्ट गौकरण निषाद**



## खास खबर...

### वैश्विक परिदृश्य में भारत का बढ़ता प्रभाव, आएंगे दुनिया के दिग्गज राजनेता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वैश्विक परिदृश्य में भारत के बढ़ते प्रभाव का ही असर है कि दुनिया के कई देशों की रुचि भारत में बढ़ी है। इसके चलते आगामी कुछ महीने में दुनिया के कई राष्ट्राध्यक्ष और राजनेता भारत का दौरा करेंगे। इनमें जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज का नाम प्रमुख है। इन नेताओं के दौरे का उद्देश्य दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना, ऊर्जा, व्यापार, तकनीक, रक्षा उत्पादन, हेल्थ केयर क्षेत्र में परस्पर सहयोग को बढ़ावा देना है। गौरतलब है कि इन नेताओं का भारत दौरा ऐसे वक्त में हो रहा है, जब यूक्रेन युद्ध के कारण पूरी दुनिया में खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा प्रभावित हो रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, जर्मन चांसलर शोल्ज फरवरी के अंत में भारत का दौरा कर सकते हैं। वहीं ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री मार्च में भारत आएंगे। फ्रांसीसी राष्ट्रपति का दौरा भी मार्च में हो सकता है लेकिन अभी तक उनके दौरे की तारीखें तय नहीं हुई हैं।

### बर्फीले रास्ते में गाड़ी फिसलकर खाई में गिरी, सेना का अफसर और 2 जवान शहीद

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा के माछल सेक्टर में सेना का अफसर और 2 जवान शहीद हो गए। ये तीनों भारतीय सेना की चिनार कॉर्प्स के सैनिक थे। इनमें 1 JCO (जूनियर कमीशंड ऑफिसर) और 2 OR (अन्य रैंक) का एक दल रेगुलर ऑपरेशन के लिए निकला था। बर्फ के कारण उनकी गाड़ी फिसलकर गहरी खाई में गिर गई। तीनों जवानों के शव मिल गए हैं।

# जिला अस्पताल में 999 माइनर व मेजर ऑपरेशन, 543 की हुई नार्मल डिलीवरी

- जीरो रेफरल अस्पताल की दिशा की ओर बढ़ रहा है जिला अस्पताल
- सामान्य सर्जरी विभाग में 36 तो अस्थि विभाग में 03 मेजर ऑपरेशन
- प्रसूति विभाग में एलएससीएस, हिस्टोरेक्टोमी, ओवेरियन सिस्ट जैसे ऑपरेशन की सुविधा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** जिला अस्पताल दुर्ग में दिसंबर में ही 999 माइनर और मेजर सर्जरी हुई है। इसमें प्रसूति, नेत्र, अस्थि, सामान्य सर्जरी और ईएनटी विभाग से सम्मिलित है। इनमें प्रसूति विभाग का प्रदर्शन सबसे बेहतर है, प्रसूति विभाग में कुल 543 सामान्य डिलीवरी दिसंबर माह में कराई गई हैं जो कि किसी भी प्राइवेट अस्पताल की तुलना में बहुत ही उत्कृष्ट आंकड़ा है। इसके अलावा प्रसूति विभाग में 335 एलएससीएस, 07 हिस्टरेक्टोमी, 14 ओवेरियन सिस्ट ऑपरेशन भी संपादित हुए।

अन्य विभागों में दिसंबर माह में माइनर और मेजर ऑपरेशन की स्थिति- 242 कैटरेक्ट सर्जरी नेत्र विभाग, 21 अस्थि विभाग, 39 सामान्य सर्जरी विभाग और 06 ईएनटी विभाग द्वारा दी गई। उल्लेखनीय है कि बीते महीने जिला अस्पताल में ऐसी जटिल सर्जरी भी की गई जो केवल महानगर के अस्पतालों में संभव हो पाती है। इसमें कानजेनिटल कैटरेक्ट का दुर्लभ ऑपरेशन भी हुआ है। जिसके माध्यम से 4 दृष्टिबाधित बच्चों के आखों का उजाला वापस आया है।

इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए जिला चिकित्सा अधिकारी जे.पी. मेश्राम ने बताया कि कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में विगत कुछ महीनों से जिला अस्पताल को जीरो रेफरल अस्पताल बनाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। सिविल सर्जन डॉ. शर्मा ने बताया कि अस्पताल में हमर लैब आरंभ होने से जांच की सुविधा बढ़ी है। बेड टर्नओवर रेट, ओपीडी अटेंडेंस, अपातकालीन चिकित्सा, मरीज की सहजता और मैनेजमेंट पर लगातार बेहतर से बेहतर रणनीति बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

### ट्रैफिक अवेयरनेस वीक : ट्रैफिक रूल नहीं मानने से होती है जानलेवा दुर्घटनाएं

## पेरेंट्स से अनुरोध नाबालिकों को गाड़ी चलाने न दें-दुर्ग पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** नगर सिटी टावर में बुधवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा, पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव, जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन, ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे। आने वाले समय में ट्रैफिक व्यवस्था को और सख्त करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि दुर्घटना में सबसे ज्यादा युवाओं की जान जाती है और ट्रैफिक रूल नहीं मानने की वजह से यह सारी दुर्घटनाएं होती हैं। उन्होंने आह्वान किया कि वाहन चालक सभी नियमों का पालन करें खुद भी सुरक्षित रख रहे और दूसरों को भी सुरक्षित करें। इस मौके पर एसपी दुर्ग डॉक्टर अभिषेक पल्लव ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियम हमारी सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं और हमें इनका पालन करना चाहिए उन्होंने पेरेंट्स से भी आह्वान किया कि वे नाबालिक हो तो गाड़ी न दे।

### लगी प्रदर्शनी

कार्यक्रम के दौरान सीएसआईटी कॉलेज के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया वहीं बीएसपी कवियों ने भी सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर के 1000 रुकता से संबंधित नाटक की प्रस्तुति दी इस मौके पर ट्रैफिक पुलिस की ओर से प्रदर्शनी भी लगाई गई थी जिसमें ट्रैफिक नियमों के साथ-साथ फ्लाईओवर और सड़कों के नियमों को भी दिखाया

## लाठीचार्ज के बाद जिले में हंगामा, पावर प्लांट में घुसे किसान, पुलिस की गाड़ी में लगाई आग



**बक्सर (एजेंसी)** बिहार के बक्सर जिले के चौसा प्रखंड स्थित बनारपुर में पुलिस के कल देर रात किसानों पर किए गए लाठीचार्ज के विरोध में आज किसानों ने चौसा स्थित पॉवर प्लान्ट में घुसकर हंगामा किया। लाठीचार्ज से गुस्साए किसानों ने पुलिस की एक गाड़ी में भी आग लगा दी। कल रात 12:00 बजे बनारपुर में घर में घुसकर सो रहे किसानों पर बिहार पुलिस ने अचानक लाठियां बरसा दीं। पिछले 2 महीने से उचित मुआवजे की मांग को लेकर यह किसान आंदोलन कर रहे थे। इस घटना का वीडियो साझाकर पीड़ित किसानों के परिजन पूछ रहे हैं कि अपराधियो के सामने घुटने टेक देने वाली पुलिस ने आखिर हमें इतनी बर्बरता से क्यों मारा?

### उचित मुआवजे की किसान कर रहे हैं मांग

दरअसल, चौसा में एसजेवीएन के पॉवर प्लान्ट के लिए किसानों का भूमि अधिग्रहण 2010-11 से पहले ही किया गया था। उस समय किसानों को 2010-11 के अनुसार मुआवजे का भुगतान किया गया था। कंपनी ने 2022 में किसानों की जमीन अधिग्रहण करने की करवाई शुरू की तो किसान वर्तमान दर के हिसाब से अधिग्रहण की जाने वाली जमीन का मुआवजा मांगने लगे। जबकि कंपनी पुराने दर पर ही मुआवजा देकर जमीन अधिग्रहण कर रही है। इसके विरोध में पिछले 2 महीने से किसान आंदोलन कर रहे हैं। इसी मामले में पुलिस ने रात के समय घर में घुसकर महिलाओं, पुरुषों, बच्चों पर लाठी बरसाई है।

### क्या कहते हैं अधिकारी?

किसानों के घर में घुसकर 12:00 बजे रात में लाठी बरसाने वाले मुफस्सिल थाने के थानेदार अमित कुमार से जब यह पूछा गया कि आखिर पुलिस 12:00 रात में किसानों के घर में क्या करने गई थी तो उन्होंने बताया कि एसजेवीएन पॉवर प्लान्ट की तरफ से कुछ किसानों पर एफआईआर दर्ज कराया गया था। जब पुलिस रात में पकड़ने गई तो पहले उन लोगों ने हमला किया, जिसके बाद पुलिस ने लाठी बरसाई।

### एसजेवीएन कंपनी बनी दुधारू गाय

चौसा में थर्मल पॉवर प्लान्ट लगाने से पहले जिले के किसानों को कंपनी द्वारा आश्वासन दिया गया था कि कंपनी के इस इलाके में स्थापित हो जाने के बाद इस जिले में तीव्र गति से विकास होने के साथ ही साथ कंपनी के सीएसआर फंड से यहां बड़े-बड़े स्कूल, होटल एवं रोजी रोजगार के संसाधन बढ़ाए जाएंगे। चारों तरफ खुशहाली होगी। नौकरी में स्थानीय लोगों को वरीयता दी जाएगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। यहां तक कि कंपनी के अंदर सभी कर्मियो की बहाली अन्य प्रदेशों से की गई।

## जातिगत जनगणना: सरकार के फैसले को चुनौती तत्काल सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट राजी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार की नीतीश कुमार सरकार की ओर से राज्य में कराई जाने वाली जातिगत जनगणना के खिलाफ दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। कोर्ट ने मामले में तत्काल सुनवाई के लिए भी हामी भर दी है। सर्वोच्च न्यायालय याचिका पर 13 जनवरी को सुनवाई करेगा।

अधिवक्ता बरुण कुमार सिन्हा ने जनहित याचिका में बिहार सरकार के उप सचिव द्वारा राज्य में जातिगत जनगणना कराने के लिए जारी अधिसूचना को रद्द करने और अधिकारियों को इस पर आगे बढ़ने से रोकने की मांग की है।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि छह जून 2022 को जारी अधिसूचना संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करती है, जिसमें विधि के समक्ष समानता और कानून के समान संरक्षण का प्रावधान है। याचिकाकर्ता ने कहा कि अधिसूचना गैर कानूनी, मनमानी, अतार्किक और असंवैधानिक है।

नालंदा निवासी अखिलेश कुमार ने अपनी याचिका में कहा है कि अगर जाति आधारित सर्वेक्षण का घोषित उद्देश्य उत्पीड़न की शिकार जातियों को समायोजित करना है तो देश और जाति आधारित भेद करना तर्कहीन और अनुचित है। इनमें से कोई भी भेद कानून में प्रकट किए गए उद्देश्य के अनुरूप नहीं है।

## जिंदगी शव पर खत्म या शव से ही शुरू

श्रीकंचनपथ




'शव' शब्द को लेकर आध्यात्म में अनेक बातें कही गई हैं. कुछ मतों में शव को शिव का अपभ्रंश माना गया है. शिव का एक अर्थ शून्य भी है. शून्य का मतलब है - वो, जो नहीं है. इस तरह से जीवन शव पर आकर स्थिर हो जाता है. इसके बाद जीवन नहीं है. पर यही शव जीवन की राह भी बताता है. श्मशान में शव के पास बैठकर लोगों में अनासक्ति के भाव आ सकते हैं. श्मशान में बैठकर जीवन और शरीर की नश्वरता का बोध भी होता है. इसे श्मशान वैराग्य भी कहा गया है. शव, फिर चाहे वह कितने भी प्रिय व्यक्ति का क्यों न हो, उसे नष्ट करने का विधान है. प्राचीन काल में कुछ मुल्क ऐसे भी हुए हैं जहां शव को संरक्षित रखने के प्रयास किये गये. पर इस कोशिश की व्यर्थता सामने आने के बाद इसपर विराम भी लगा है. आधुनिक वैज्ञानिक समाज जानता है कि अंतिम संस्कार मृतक को स्वर्ग पहुंचाने के लिए नहीं बल्कि शव से मुक्ति पाने के लिए किया जाने वाला एक संस्कार है. इसे पूरे सम्मान के साथ करते हुए हम मृतक की स्मृतियों को संजो लेते हैं. शव को रखा नहीं जा सकता, इसका कोई अर्थ नहीं है. कोई शव अग्नि को समर्पित कर देता है तो कोई उसे धरती मां को लौटा देता है. ऐसे भी लोग हैं जो मृत शरीर को पशु-पक्षियों के भोजन के लिए छोड़ देते हैं. शवदाह के लिए कहीं लकड़ियों का प्रयोग किया जाता है तो कहीं गोबर के कंडों का. अब बिजली के शवदाह गृह इसकी जगह ले रहे हैं. पर यही शव जब विवाद में पड़ जाए, जब उसका अंतिम संस्कार करना मुश्किल हो जाए, तो क्या हो? बस्तर में अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पर बवाल हो रहा है. यहां ईसाई समुदाय के लोगों को शव दफ्नाने के लिए गांव में जगह नहीं मिल रही. कहा जा रहा है कि इससे आदिवासियों के देवी-देवताओं की शक्ति क्षीण हो रही है. यह किसके दिमाग की उपज है, कहना मुश्किल है पर फिलहाल यह मुद्दा बड़ा बना हुआ है. आदिवासी बस्तर में जब शवों पर बवाल शुरू हुआ तो ईसाई मत को अपना चुके कुछ लोगों में श्मशान वैराग्य के भाव जाग उठे. उन्होंने इसे खत्म करने का रास्ता भी शवों से ही निकाला. अब वे आदिवासी रीति-रिवाजों के अनुसार ही शवों का अंतिम संस्कार करेंगे. समाज उन्हें आदिवासी समाज में स्वीकार करने को तैयार है. इसकी एक पूरी प्रक्रिया होगी. आस्था वैसे भी अंतर्मन का विषय है. उसका दिखावा जरूरी नहीं है. लोग अंदर से कुछ और, बाहर से कुछ और हो सकते हैं. पर लोक पम्पराओं का पालन यदि शांति के लिए जरूरी है, तो यही सही. ऐसी पहल करने वाले को साधुवाद. धर्मगुरुओं और समाज प्रमुखों के पास अपना-अपना स्वार्थ और अपनी-अपनी प्राथमिकताएं होंगी पर समाज में शांति और सुरक्षा गृहस्थों की प्राथमिकता होनी चाहिए.



## संपादकीय

# जोशीमठ का संदेश

उत्तराखंड के जोशीमठ से आ रही तस्वीरें और वीडियो हृदय विदारक हैं। अपने पुरखों के घर को त्यागते बाशिंदों का विलाप किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को मर्माहत कर देता है, पर विकल्प ही क्या रह बचा था? यह अच्छी बात है कि प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाते हुए करीब चार हजार लोगों को जोखिम वाले घरों से सुरक्षित निकाल लिया है और उनके लिए फौरी वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। ब्योरों के मुताबिक, जमीन धंसने से अब तक लगभग 600 घरों में दरारें आई हैं और सबसे बुरी हालत वाली इमारतें गिराई जा रही हैं। पूरे जोशीमठ को सुरक्षा के लिहाज से खतरनाक, मध्यवर्ती व पूर्ण सुरक्षित क्षेत्र में बांटकर काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सीधे हस्तक्षेप से उम्मीद है कि जोशीमठ के आपदाग्रस्त लोगों को बेहतर मदद मिल सकेगी, और स्थानीय प्रशासन को लेकर उनका असंतोष भी कुछ कम होगा। जोशीमठ की ऐतिहासिकता और सनातन धर्म में उसकी अहमियत किसी से छिपी नहीं है, लेकिन दुर्योग से हमने उसे अक्षुण्ण रखने को पर्याप्त महत्व नहीं दिया। अगर दिया होता, तो इंसानी बसाहट और उसकी जरूरतों के परिणाम पर भी संजीदगी से विचार हुआ होता। आठवीं सदी में आदि शंकराचार्य ने यहां पीठ की स्थापना की थी। सन् 1872 तक यहां की आबादी महज 455 थी, लेकिन अगले 100 वर्षों में ही यह संख्या 12,000 के पार पहुंच गई, तो स्वाभाविक ही उसकी पारिस्थितिकी पर असर पड़ना था। वहां हजारों की तादाद में घर, सराय और होटलों की तामीर कर दी गई। तथ्य यह है कि भू-वैज्ञानिक लगातार आगाह करते रहे हैं कि हिमालय पर्वत अभी बनने की प्रक्रिया में है, इसलिए इसमें भू-स्खलन, बादल फटने जैसी घटनाएं होती रहेंगी, इसके बावजूद उसकी पारिस्थितिकी के प्रति संवेदनशील रवैया नहीं अख्तियार किया गया। सच तो यह है कि बढ़ती मानव गतिविधियों ने जोशीमठ ही नहीं, तमाम पहाड़ी इलाकों के वातावरण को प्रभावित किया है। निस्संदेह, विशाल आबादी के भरन-पोषण और रख-रखाव के लिए कुदरती संसाधनों का दोहन सरकारों की मजबूरी है, मगर दूरदर्शी नजरिये के बगैर कोई विकास टिकाऊ नहीं हो सकता। एक क्षेत्र की कीमत पर दूसरे को संवारने की नीति स्थायी नहीं हो सकती, उनके बीच संवेदनशील समन्वय बिठाना ही होगा। जोशीमठ के इर्द-गिर्द ही चल रहे जिन प्रोजेक्ट पर आज आनन-फानन में रोक लगाई गई है, क्या उनको मंजूरी देते वक्त या उन पर क्रियान्वयन के दौरान आज जैसे परिणाम की चिंता की गई थी? तीर्थस्थलों के आस-पास नागरिक सुविधाओं के विस्तार या पर्यटकों के हित में विकास कार्यों से किसी को गुरेज नहीं, लेकिन उस पवित्र स्थल या शहर पर पड़ने वाले दबावों का भी व्यापक आकलन बहुत जरूरी है। देवभूमि उत्तराखंड में सदियों से श्रद्धालु और सैलानी आते रहे हैं, मगर हालिया दशकों में भौतिकतावादी दृष्टि ने आस्था पर सुविधाओं का दबाव इतना बढ़ा दिया है कि आपको हरेक धर्मस्थल पर लकदक होटल और विश्रामगृह मिल जाएंगे। विडंबना देखिए, जोशीमठ में आज कुछ होटलों को तोड़ने की विवशता तब महसूस हुई, जब वह गुफा ध्वस्त हो गई है, जिसमें आदि शंकर ने तपस्या की थी। इसमें कोई दोराय नहीं कि पर्यटन स्थल बड़ी संख्या में लोगों को आजीविका मुहैया कराते हैं, पर पर्यटन उद्योग का भविष्य तभी बचेगा, जब ये स्थल सुरक्षित रहेंगे।

> निस्संदेह, विशाल आबादी के भरन-पोषण और रख-रखाव के लिए कुदरती संसाधनों का दोहन सरकारों की मजबूरी है, मगर दूरदर्शी नजरिये के बगैर कोई विकास टिकाऊ नहीं हो सकता।

## कोई पराया नहीं होता

महाभारत में कहा गया है कि पक्षियों के साथ मनुष्यों के दो प्रकार के संबंध होते हैं- एक वध का और दूसरा बंधन का। यही बंधन संबंध रचता है। इसलिए कोई हमसे अलग नहीं है। संबंधों के जाल बुनना तो कोई मनुष्य से सीखे। कोई मनुष्य अकेला भले हो, पर वह अकेले नहीं रहना चाहता। मौका मिलते ही अपना एक समाज गढ़ लेता है। इस दृष्टि से उसमें और पशु में एक समानता लक्षित की जा सकती है। सिंह हो या जंगली कुत्ते, उनका एक दल बन जाता है। उसका मुख्य लक्ष्य होता है, शिकार करके अपनी भूख मिटाना। भूख की तृप्ति ही उनका मुख्य साध्य है। क्षुधा और काम पशुवृत्ति के लक्षण हैं। पर मनुष्य जिस संसार में रहता है, वह एक-दूसरे पर आश्रित समाज है। इसमें नाना प्रकार के जीव-जंतु भी शामिल हैं। चूंकि यह दुनिया सबकी है, हम अगर जंगल जाकर भी साधना करें, तो वहां भी हमारा एक कुटुंब बन जाता है।

पुरानी कहानी है। एक ऋषि हुआ करते थे भरत। उन्हें 'जड़ भरत' भी कहा गया है। एक दिन उन्होंने नदी के प्रवाह में एक हिरणी को डूबते हुए देखा। वह गर्भवती थी। जल में बहते हुए भी अपने छौने को जन्म देकर ही उसने प्राण त्यागे। ऋषि भरत ने उस छौने की रक्षा की। धीरे-धीरे उनका लगाव मोहपाश में बदल गया। उनका सारा ध्यान उस छौने के इर्द-गिर्द केंद्रित हो गया। इसलिए वह जड़ भरत कहलाए। बहुत कठिनाई से उन्हें आगे चलकर ज्ञान की प्राप्ति हुई। हजारों साल से पशु-पक्षियों के साथ मनुष्य का गहरा नाता रहा है। प्राचीन काल के ऋषियों के तपोवन के वर्णन में ऐसे संबंध उजागर हुए हैं, जब हिंसक पशु भी अपनी हिंसा भूल गए। कुछ पालतू पशु तो आश्रम की सेवा भी करते थे। कवि बाणभट्ट की कादंबरी में ऐसे वर्णन हैं कि बंदर ऊंचे पेड़ों से फल तोड़कर आश्रम के लिए इकट्ठा करते हैं। कई कथाओं में पशु-पक्षियों की भाषा के जानकार पात्रों की चर्चा हुई है। महाभारत में कहा गया है कि पक्षियों के साथ मनुष्यों के दो प्रकार के संबंध होते हैं- एक वध का और दूसरा बंधन का। यही बंधन संबंध बनता है। जहां हाथी और घोड़े राजाओं के सहयोगी और प्रिय होते हैं, वहां गोधन पर सारा ऋषि-समाज अवलंबित रहता है। कई जगहों पर देवांगनाएं अपने कंगनों की ताल पर मयूरों को नचाती हैं। कई कथाओं में पशु और पक्षी मनुष्य के सहचर गिनाए गए हैं, जैसे नल-दमयंती की कथा में एक हंस की बड़ी भूमिका है। हितोपदेश की कहानी मित्रलाभ में हिरण्यक नाम का चतुर चूहा रहता है, जो विपत्ति में अपने कबूतर मित्रों की रक्षा करता है। हम जहां कहीं भी अपनी नजर दौड़ाएं, धरती और आकाश के मिलन-बिंदु पर पेड़ ही पेड़ दिखाई देंगे। चारों ओर से प्रकृति ने हमें बांहों में घेर रखा है। यहां कोई पराया नहीं है। क्या पृथ्वी, क्या आकाश, सब हमारे ही हैं।

**महेंद्र मधुकर**

## सर सीवी रमन की अपील

सर सीवी रमन तथा दक्षिण भारत के अन्य वैज्ञानिकों का, जो पटना में होने वाले भारतीय विज्ञान परिषद में सम्मिलित होने जा रहे हैं, परसों यहां स्वागत किया गया। स्वागत-सभा में भाषण देते हुए सर सीवी रमन ने जोरदार अपील की कि मातृभाषा के जरिये ही विज्ञान की शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि मातृभाषा में विज्ञान की शिक्षा देने में पहले जो कठिनाइयां आयेंगी, उन्हें हम थोड़े परिश्रम से दूर कर सकते हैं। ऐसा करने से ही हम शीघ्र उन्नति कर सकते हैं। मुझे इसमें कोई सन्देह नहीं है कि आरम्भ में ही अंग्रेजी में विज्ञान की शिक्षा देने से हमारी उन्नति रुक गयी है। अब हमारा देश स्वतन्त्र हो गया है, इसलिए अपनी मातृभाषा में शिक्षा देने को स्वतन्त्र है। वैज्ञानिक शब्दों के प्रश्न पर उन्होंने अपना विचार प्रकट करते हुए कहा कि इसके लिए विभिन्न भाषाओं में नए-नए शब्द ढूंढ़कर निकालना व्यर्थ होगा। सबसे सरल और अच्छा उपाय तो यह है कि विज्ञान सम्बन्धी वर्तमान शब्द ज्यों के त्यों ले लिये जायें, नहीं तो विदेशी वैज्ञानिकों से विचार विनिमय करने में कठिनाइयां होंगी। जय हिन्द से अभिवादन- शिमला, 2 जनवरी। कल यह घोषित किया गया कि पूर्वी पंजाब में आपस में सरकारी तौर पर अभिवादन के लिए भविष्य में 'जय हिन्द' शब्द का प्रयोग किया जायेगा।

> जातियों की संख्या और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति का पता लगाने में बुराई नहीं है, क्योंकि इससे उनकी संख्या या आबादी में हिस्सेदारी जैसी अटकलों पर विराम लगेगा।

# जातिगत जनगणना पर सबकी निगाह

संजय कुमार

जब से बिहार में जातिगत जनगणना शुरू हुई है, तभी से यह सवाल पूछा जा रहा है कि क्या मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर शुरू हुई यह जनगणना महज राजनीतिक लाभ कमाने की कवायद है या यह पिछड़े तबकों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान में सचमुच मददगार साबित होगी? सवाल इसके समय को लेकर भी उठ रहा है, क्योंकि लोकसभा चुनाव सिर्फ16 महीने दूर हैं और कयास लगाए जा रहे हैं कि बिहार की सत्ता में बैठी पार्टियां इससे राजनीतिक लाभ कमाना चाहती हैं। कुछ ऐसे लोग भी हैं, जिनका तर्क है कि बिहार में जातिगत जनगणना क्यों जरूरी है?

फिलहाल, यह बता पाना कठिन है कि बिहार की जातिगत जनगणना राजनीति से प्रेरित कोई सियासी खेल है या पिछड़े वर्गों के सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन को दूर करने की सरकार की नेक कवायद? यह तो आंकड़ों के सार्वजनिक होने और उन पर होने वाले विचार-विमर्श से पता चल सकेगा। मगर इससे शायद ही किसी को ऐतराज होगा कि मंशा चाहे जैसी भी हो, उसे पूरा करने के लिए आंकड़ों की दरकार होगी ही। आंकड़े न हों, तो न राजनीति हो सकती है और न ईमानदार शासकीय कोशिश। ऐसे में, जातियों की संख्या पता लगाने और उनकी सामाजिक व आर्थिक स्थिति को जांचने के लिए जातिगत जनगणना का यह प्रयास तारीफके काबिल है। हालांकि, इसे हम आधिकारिक तौर पर जनगणना नहीं कह सकते, क्योंकि यह काम केंद्र सरकार का है, जो हर दस साल पर इसे करती है।



बहस इस बात पर भी है कि जब केंद्र सरकार इस तरह की जनगणना को लेकर उत्साहित नहीं है, तब बिहार इसको लेकर इतना आग्रही क्यों है? मेरा मानना है कि ओबीसी की संख्या और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति का पता लगाने में कोई बुराई नहीं है, क्योंकि इससे बिहार में ओबीसी की संख्या, बिहार की आबादी में उनकी हिस्सेदारी जैसी तमाम अटकलों पर विराम लग जाएगा। ऐसे वक्त में, जब ओबीसी की आबादी को काफी ज्यादा बताया जा रहा हो और 1931 की जनगणना के आंकड़ों पर विवाद हो, तब जनगणना ही एकमात्र ऐसा तरीका है, जिससे विश्वसनीय जानकारी हासिल हो सकती है और बिहार सरकार फिलहाल यही काम कर रही है। इसी तरह, जातिगत जनगणना को राजनीति से प्रेरित बताने का आरोप भी सिरे नहीं चढ़ता, क्योंकि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुरू से जाति आधारित जगनणना के समर्थक रहे हैं। जब एनडीए के भीतर इस मसले पर चर्चा हो रही थी और नीतीश कुमार राजग गठबंधन का हिस्सा थे, तब भी वह इस मुद्दे पर मुखर थे। इसी कारण यह आरोप निराधार लगता है कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए राजनीतिक मकसद से उन्होंने यह दांव चला है।

बेशक अभी आंकड़े एकत्र किए जाने बाकी हैं, क्योंकि घरों की सूची का पहला चरण ही अभी शुरू हुआ है और दूसरे चरण में घरों के मुखिया की गिनती की जाएगी और उनकी सामाजिक व आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारियां जुटाई जाएंगी, लेकिन इससे इनकार नहीं किया जा सकता है कि इस गणना से कोई राजनीतिक प्रभाव नहीं पड़ेगा। नीतीश कुमार की जद (यू)-राजद-कांग्रेस गठबंधन सरकार ने साफसंकेत दिया है कि बिहार में ओबीसी के सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन को संजीदगी से दूर करने की उसकी मंशा है। और, इस तरह के किसी भी प्रयास के लिए सरकार को आंकड़े चाहिए, जिसके लिए यह कवायद शुरू की गई है। संभव है, राजद और जद (यू) को इस प्रयास से कुछ चुनावी लाभ मिले, लेकिन ओबीसी के सामाजिक-आर्थिक उत्थान में भी मदद मिल सकती है, क्योंकि नीतीश कुमार यह संकेत देने में सफल रहे हैं कि वह ओबीसी की परवाह करते हैं।

यहां यह ध्यान रखना भी महत्वपूर्ण होगा कि बिहार में सत्तारूढ़ दोनों मुख्य दलों (राजद और जद-यू) के पास ओबीसी मतदाताओं का अच्छा-खासा समर्थन है। उनके लिए चुनाव बहुत कुछ इस बात पर भी निर्भर करता है कि ओबीसी के कितने वोट उनके खाते में जाते हैं। जातिगत जनगणना से इन दोनों पार्टियों ने कम से कम ओबीसी के एक बड़े हिस्से को इसकी जरूरत को लेकर आश्वस्त कर दिया है, और उनमें यह उम्मीद जगाई है (यह छलावा भी साबित हो सकती है) कि इस जनगणना के बाद उनका जीवन कुछ बेहतर होगा। यही वजह है कि जद (यू) और राजद को इससे सियासी लाभ मिलने की उम्मीद है। हमें यहां यह भी आश्चर्य नहीं करना चाहिए कि समाजवादी पार्टी या बीजू जनता दल जैसी पार्टियां, जो पुराने जनता दल से टूटकर अलग हुई हैं, अपने-अपने राज्यों में इस कवायद को आगे बढ़ा सकती हैं या ओबीसी जनगणना के लिए राज्य सरकारों पर अब दबाव बन सकता है।

हालांकि, जद (यू) और राजद को मिलने वाले इस फायदे को बांटा जा सकता था, यदि भाजपा ने जातिगत जनगणना का विरोध नहीं किया होता। इसने ओबीसी के एक बड़े वर्ग में संदेह पैदा किया है। ओबीसी जातियों के लोगों को इस बात का जवाब नहीं मिल रहा कि भाजपा आखिर क्यों इसका लगातार विरोध कर रही है? क्या केंद्र सरकार के पास इस बाबत कुछ ऐसे तथ्य हैं, जो वह छिपाना चाहती है?

भाजपा को एहसास होना चाहिए कि उसने देश भर के ओबीसी मतदाताओं, विशेषकर निचली ओबीसी जातियों के बीच अपनी अच्छी पकड़ बनाई है। लोकनीति-सीएसडीएस के आंकड़े बताते हैं कि 2009 के आम चुनाव में महज 22 फीसदी ओबीसी वोट पाने वाली भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में 44 प्रतिशत ओबीसी मत हासिल किया। ऐसे में, केंद्र सरकार की तरफ से जातिगत जनगणना शुरू की जाती, तो ओबीसी समुदायों में सकारात्मक संदेश जाता, मगर संभव है कि उसके पास कुछ अन्य मजबूरियां रही हों। मुमकिन है, उसकी यह आशंका हो कि जातिगत जनगणना का नतीजा 'मंडल पार्ट-2' के रूप में सामने आ सकता है। उल्लेखनीय है कि 'मंडल-1' ने विशेषकर उत्तर भारत के राज्यों में ओबीसी राजनीति को काफी बदल दिया था।

हालांकि, भाजपा नेतृत्व को भरोसा रखना चाहिए कि आज की भाजपा 1990 के दशक से अलग है। केंद्र सरकार द्वारा समर्थित जातिगत जनगणना जैसी कोई भी कवायद शायद ही उसके समर्थन आधार को प्रभावित करती।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# देश का आधारस्तंभ युवा शक्ति लक्ष्य से भटक न जाए

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

प्रत्येक देश की दशा-दिशा वहां के युवा शक्ति पर निर्भर करती है। आज के बच्चें कल देश के शिल्पकार कहलायेंगे। बचपन से युवावस्था तक के काल में शिक्षा, संस्कार, पालन-पोषण, स्वास्थ्य सुविधा, अवसर, आस-पड़ोस, संगत, व्यवहार, वातावरण का सीधा असर व्यक्ति के जीवन पर होता है, उनका पूरा भविष्य इन्ही बातों पर निर्भर करता है। जिसके जीवन में बचपन से ही योग्य मार्गदर्शन, अच्छे संस्कार, शिक्षा, पर्याप्त पोषण, बेहतर अवसर, और दुर्गुणों से दुरी होती है, वही युवा सुजान नागरिक बनकर देश के विकास में अनमोल भूमिका निभाते है। जिस देश में युवा शक्ति को उत्कृष्ट शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की असीम संभावनाएं है विश्व में वही देश विकसित होते है और जिस देश में गरीबी, आर्थिक असमानताएं, महंगाई, बेरोजगारी, बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव, भ्रष्टाचार, भेदभाव, बढ़ता आपराधिक ग्राफ जैसी समस्याएं है, जो समाज को विघटित कर देश के विकास में बाधायें उत्पन्न करते है।

181 देशों में युवाओं की स्थिति को मापने वाले वैश्विक युवा विकास सूचकांक में भारत देश 122 वें नंबर पर है। भारत 2021 के गैलप लॉ एंड ऑर्डर इंडेक्स में 121 देशों में 80 स्कोर के साथ 60वें स्थान पर है, जबकि 82 अंकों के साथ पाकिस्तान, न्यूजीलैंड सूची में एक साथ 48 वें स्थान पर है। विश्व आर्थिक मंच के अनुसार, देश में प्रत्येक चार प्रबंधन पेशेवरों में से केवल एक, पांच इंजीनियरों में से एक और 10 स्नातकों में से एक उमेदवार ही रोजगार योग्य कुशल है। सीएमआईई अनुसार, दिसंबर 2022 में भारत में बेरोजगारी दर 16 महीने के उच्च स्तर 8.3 प्रतिशत पर पहुंच गई थी।

### बढ़ती अपराध वृत्ति

एनसीआरबी के आंकड़ों अनुसार दिल्ली में 2021 में पकड़े गए 3287 आपराधिक किशोरों में से 1387 शिक्षा के मामले में दसवीं पास भी नहीं थे। 2538 अपने माता-पिता के साथ और 535 अभिभावकों के साथ रह रहे थे, उनमें से 214 बेघर थे। 2021 में, दिल्ली में किशोरों के खिलाफ आपराधिक मामलों में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, नाबालिगों के खिलाफ लगभग 60 प्रतिशत अपराध 16 और 18 वर्ष की आयु के युवाओं द्वारा किए जाते हैं। यह भारतीय दंड संहिता के तहत नाबालिगों के खिलाफ दर्ज 43,506 अपराधों में से 28,830 के लिए जिम्मेदार है। किशोरों द्वारा बलात्कार के मामलों में 60त्न की वृद्धि के रूप में आंकड़े भयावह हैं। आईटी एक्ट के तहत गिरफ्तार किए गए 324 लोगों में से 215 ये 18-30 साल की उम्र के थे, साइबर अपराध में 53.5त्न की वृद्धि हुई। 2021 के दौरान दर्ज बच्चों के खिलाफ अपराध के 1.49 लाख से अधिक मामले यह 2020 (1.28 लाख मामलों) की तुलना में 16.2त्न की तीव्र वृद्धि को दर्शाता है।

### बढ़ती नशाखोरी

हर खुशी-गम, त्यौहार, समारोह, कार्यक्रम में लोगों नशा करने का बहाना चाहिए। आये दिन अखबारों और न्यूज़ चैनल द्वारा मादक पदार्थों के तस्करी, नकली शराब से मौत की खबरें मिलती है। संयुक्त राष्ट्र के एक शीर्ष अधिकारी अनुसार, भारत में नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन में शामिल लगभग 13.1 प्रतिशत लोग 20 साल से कम उम्र के हैं। वर्ल्ड ड्रग रिपोर्ट 2022 का अनुमान है कि दुनिया भर में लगभग 284 मिलियन लोग ड्रग्स का उपयोग करते हैं, रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि भारत दुनिया के सबसे बड़े अफीम बाजारों में से एक है। भारत में, युवा इस खतरे से सबसे अधिक प्रभावित हैं। अधिकांश नशेड़ी 15 से 35 वर्ष की आयु वर्ग के हैं और कई बेरोजगार हैं। देश में बढ़ते अपराध के लिए नशा सबसे ज्यादा जिम्मेदार है।

### स्वास्थ्य समस्याएं और मानसिक विकार



राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 अनुसार, पांच साल से कम उम्र के 35.5 प्रतिशत बच्चे नाटे हैं और 32.1 प्रतिशत कम वजन के हैं, यह संख्या चिंताजनक हैं, खाद्य पदार्थों में मिलावट और मानवी प्रदुषण भी भयावह बढ़ रहा हैं। जनगणना 2011 के आंकड़ों के अनुसार, भारत में बाल श्रमिकों की संख्या 10.1 मिलियन है। यूनिसेफ की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 15 से 24 वर्ष के बच्चों में, सात में से एक (14 प्रतिशत) अक्सर उदास महसूस करता है या काम में उत्साह नहीं दिखाते, भारत में युवा मानसिक तनाव के लिए सहायता लेने में हिचकिचाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, कम से कम 20 प्रतिशत युवाओं को किसी न किसी प्रकार की मानसिक बीमारी जैसे अवसाद, मनोदशा में गड़बड़ी, मादक द्रव्यों के सेवन, आत्मघाती व्यवहार या खाने के विकार का अनुभव होने की संभावना है। इंडियन जर्नल ऑफ साइकियाट्री ने 2019 में कहा था कि भारत में कम से कम 50 मिलियन बच्चे मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों से प्रभावित हैं।

### इंटरनेट का दुरुपयोग और लत

कम्युनिटी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लोकल सर्किल्स द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में, 40 प्रतिशत भारतीय माता-पिता ने स्वीकार किया है कि उनके 9 से 17 साल के बच्चे वीडियो, गेमिंग और सोशल मीडिया के आदी हैं। सैकड़ों बच्चों ने इंटरनेट और ऑनलाइन गेमिंग की लत के कारण अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। आज दुनिया में लगभग 5 में से 4 मोबाइल हैंडसेट स्मार्टफोन हैं, फेममास के अनुसार, किशोर वयस्कों की तुलना में सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताते हैं, 13 से 18 साल के किशोर औसतन 3 घंटे से अधिक प्रतिदिन। कुछ किशोर हर दिन 9 घंटे तक सोशल मीडिया पर बिताते हैं अर्थात जितना समय वे स्कूल में बिताते हैं, उससे कहीं अधिक। 68 प्रतिशत किशोर अपने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को बिस्तर पर ले जाते हैं, मोबाइल उपकरणों के साथ अधिक सोते हैं, एडिक्शन सेंटर द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि सोशल मीडिया पर कम से कम तीन घंटे बिताने वाले 27 प्रतिशत बच्चे मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों से पीड़ित हो सकते हैं।

### आत्महत्याओं में वृद्धि

बच्चों से पालकों की अत्यधिक उम्मीदें और उनका बच्चों पर बढ़ता तनाव, बुरी आदतें, जिद, अपेक्षाओं का भंग होना आत्महत्याओं को बढ़ाता है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो रिपोर्ट 2021 अनुसार, पिछले साल भारत में 13,000 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या की थी। वास्तव में, 2016 से 2021 तक पांच वर्षों में, भारत में छात्र आत्महत्याओं की संख्या में 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 30 साल से कम उम्र के युवाओं में 1,500 से अधिक आत्महत्याओं का कारण परीक्षा में विफलता था। 2021 में 18 वर्ष से कम आयु के 10,732 व्यक्तियों की मौत आत्महत्या से हुई थी, जो कुल 1,64,033 आत्महत्या के आंकड़े का 6.54 प्रतिशत है।

### विदेशी शिक्षा पर भरोसा

ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन के आंकड़ों अनुसार, जनवरी से नवंबर 2022 के बीच 1.8 करोड़ से अधिक भारतीयों ने देश के बाहर यात्रा की, जबकि 2021 में 77.2 लाख लोगों ने। विदेश में शिक्षा की गुणवत्ता को महत्व देने के कारण रेडसीर रणनीति सलाहकार के एक विश्लेषण के अनुसार, भारतीय छात्रों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है जो विदेशों में अध्ययन करना चाहते हैं। 2019 में, यह संख्या 800,000 थी और अनुमान है कि 2024 तक यह संख्या बढ़कर 1.8 मिलियन हो जाएगी। विदेश में शिक्षा का पर्याय हमारे देश की शिक्षा में लाना बहुत जरूरी है। देश की शिक्षा नीति की गुणवत्ता को विश्वस्तर पर लाना ही एकमात्र उपाय जो देश के विद्यार्थियों को देश में ही बेहतर शिक्षासुविधा देगी।

देश की बढ़ती आबादी वैसे ही सीमित साधनों पर असीमित दबाव बना रही है। प्राकृतिक आपदाएं, पर्यावरण की समस्या बढ़ रही है जिससे घातक बीमारियां भी लगातार बढ़ रही है। बच्चों के सामने पालक का अनुचित व्यवहार, बड़े बुजुर्गों का अनादर, अभद्र भाषा का प्रयोग, संस्कारहीन बर्ताव, सोशल मीडिया की लत, झूठा दिखावा, नियमों का उल्लंघन, नशाखोरी, मिलावटखोरी, स्वार्थवृत्ति, लालच, परोपकार की कमी, जल्दी शॉर्टकट मार्ग से पैसा कमाने की लालसा, आधुनिकता के अंधे कुए में गोता लगाना युवाशक्ति को कमजोर बना रही है, समाज में समस्याएं बढ़ाने के ये प्रमुख कारण है। 2011 में कुल युवा आबादी 333.4 मिलियन से बढ़कर 2021 में 371.4 मिलियन तक पहुंच गई। इतनी बड़ी युवाशक्ति की आवश्यकताओं की पूर्ति, सेवा-सुविधा, योग्य व्यवस्थापन बहुत जरुरी है, उत्पादक रोजगार सृजन बढ़ाकर और श्रम बाजार नीतियों को अपनाकर सभी के लिए शिक्षा कौशल अनुरूप काम, सामाजिक सुरक्षा, उत्तम स्वास्थ्य देखभाल, पेंशन, नई प्रतिभाओं को बढ़ावा देकर बेहतर मंच उपलब्ध करवाना, सार्वजनिक कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने पर जोर देना समय की मांग है। युवाओं को बेहतर अवसर व सुविधा प्रदान न करना मतलब समाज में समस्याओं का निर्माण करना है। जिस युवा शक्ति के दम पर देश विकसित होगा उसी युवाशक्ति को सुविधाओं से वंचित रखने पर वें युवा गलत मार्ग पर अग्रसर होंगे। उन्हें बेहतर माहौल बनाकर देने की जिम्मेदारी अभिभावक, सरकार, सामाजिक संस्थान और हम सबकी है।

# वरुण गांधी के पास क्या विकल्प हैं?

भाजपा के पीलीभीत के सांसद वरुण गांधी केंद्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के सबसे सधे हुए और वस्तुनिष्ठ आलोचक के तौर पर उभरे हैं। वे अनाप-शनाप बोल कर राजनीतिक हमला करने की बजाय रचनात्मक आलोचना कर रहे हैं। वे सरकार की नीतियों को लेकर सवाल उठा रहे हैं, चिट्ठी लिख रहे हैं और अखबारों में लेख लिख रहे हैं। उन्होंने हाल में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख भाई मंडाविया को चिट्ठी लिख कर कहा कि 'दुर्लभ बीमारियों' की स्थिति में नागरिकों को 10 लाख रुपए की मदद देने की केंद्र सरकार की योजना का लाभ आज तक किसी को नहीं मिला है, जबकि कितने बच्चे और बड़े लोग दुर्लभ बीमारियों का शिकार हुए हैं। वे किसानों के मसले पर भी लगातार मुखर रहे हैं।

तभी यह माना जा रहा है कि भाजपा में उनके लिए रास्ते बंद हो गए हैं। उनकी मां और सुल्तानपुर से भाजपा सांसद मेनका गांधी को पहले ही मंत्रिमंडल से हटा दिया गया था। वरुण या मेनका के पास पार्टी संगठन में कोई पद नहीं है, जबकि वरुण भाजपा के सबसे युवा महामंत्री रहे हैं। तभी सवाल है कि अब वे आगे क्या करेंगे? पिछले दिनों उन्होंने कहा कि वे न कांग्रेस के खिलाफ हैं और न नेहरू के खिलाफ हैं। क्या इससे कांग्रेस में उनके लिए रास्ता खुलता है? इस बारे में पूछे जाने पर राहुल गांधी ने कहा कि उनको दिक्कत नहीं है लेकिन भाजपा वरुण के लिए मुश्किल पैदा करेगी। सवाल है कि अगर वे भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में चले जाते हैं तो भाजपा क्या मुश्किल पैदा करेगी? वे खुद ही यह सुनिश्चित करने में लगे हैं कि भाजपा अगली बार उनको और मेनका गांधी को टिकट नहीं दे। अगर वे कांग्रेस के साथ मिल कर लड़ते हैं तो उत्तर प्रदेश में प्रियंका गांधी वाड्रा को एक मजबूत सहयोगी मिलेगा और देश के सबसे बड़े राज्य में कांग्रेस को मजबूत आधार मिल जाएगा। उनके सामने क्षेत्रीय पार्टी में जाने का विकल्प भी है। लेकिन उनकी पृष्ठभूमि और राजनीतिक कद के लिहाज से किसी क्षेत्रीय पार्टी में उनकी जगह नहीं बनेगी और न वहां उनकी महत्वाकांक्षा पूरी हो सकेगी। तीसरा विकल्प अपनी पार्टी बनाने का है। लेकिन उसके लिए समय कम बचा है। इन तीनों में से उनको जल्दी ही कोई विकल्प चुनना होगा।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026, 7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## अपनी कार्य कुशलता से विभाग की छवि को बेहतर स्वरूप देने में महती भागीदारी निभाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि छत्तीसगढ़ वन संपदा के मामले में एक समृद्ध राज्य है। वनों के संरक्षण तथा संवर्धन और विकास में विभाग और इसके अमले का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसके मद्देनजर विभागीय अमले सहित समस्त अधिकारी अपनी कार्य कुशलता से विभाग की छवि को निखारने में अहम भागीदारी निभाएं।




वन मंत्री श्री अकबर आज नवा रायपुर अटल नगर स्थित अरण्य भवन में आयोजित डी.एफओ कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहें थे। कार्यक्रम में राज्य भर से मुख्य वन संरक्षक तथा वनमण्डलाधिकारी उपस्थित थे।

उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार द्वारा राज्य में विगत चार वर्षों के दौरान वनों के विकास तथा वनवासियों के हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है। वन मंत्री श्री अकबर ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में अपनी कार्य कुशलता और शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के फलस्वरूप वर्तमान में वन विभाग की छवि को एक बेहतर स्वरूप मिला है। वन विभाग में विगत चार वर्षों के दौरान सिर्फवनों के संरक्षण तथा संवर्धन को ही बढ़ावा नहीं मिला है, बल्कि यहां वनवासियों की उन्नति की दिशा में भी निरंतर कार्य हो रहे है। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ लघु वनोपजों के संग्रहण तथा प्रसंस्करण आदि कार्यों में देश में लगातार अव्वल बना हुआ है। वन मंत्री श्री अकबर ने इस दौरान हाथी प्रभावित क्षेत्रों में उनके मार्ग पर लोगों को आवाजाही के लिए मनाही करने और जनजागरूकता लाने पर विभाग को विशेष रूप से जोर दिया। उन्होंने मानव-हाथी द्वंद्व के मामले में सभी वनमण्डलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में हमेशा सजग तथा सतर्क होकर कार्य करने के लिए सख्त निर्देश भी दिए। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री शुक्ला ने इस दौरान बताया कि अरण्य भवन में आयोजित दो दिवसीय डी.एफओ. कॉन्फ्रेंस में 11 जनवरी को मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन द्वारा संबोधित किया जाएगा। इस दौरान मिलेट्स से बने व्यंजनों को बढ़ावा देने दोपहर को मिलेट्स लंच का आयोजन भी किया गया है।

## शासन की योजनाओं के जरिये डेढ़ लाख करोड़ रुपये गांवों तक पहुंचा : मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के 63वें वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि व्यापार और उद्योग जगत के सामने विकास के दरवाजे खुले हुए हैं। कोरोना संकट के बाद यह सबसे सुनहरा समय है। गांव से लेकर शहरों तक पैसे का फ्लो बहुत बढ़िया हुआ है। शासन की विभिन्न योजनाओं के जरिये डेढ़ लाख करोड़ रुपये गांवों तक पहुंचा है। हमने व्यापारियों के ग्राहकों की जेब में पैसा डाला है। इस साल फसल भी बहुत अच्छी हुई है। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था और भी बेहतर हुई है।




मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि मैं जहां भी जाता हूं वहां आत्मानंद स्कूल और बैंक की मांग होती है। इसका मतलब है लोगों तक पैसा पहुंचा है । हमारी सरकार मिलेट्स को बढ़ावा दे रही है, क्योंकि मिलेट्स में पौष्टिक तत्व की अत्यधिक मात्रा होती है। मुख्यमंत्री ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों की मांग पर कई घोषणायें की । उन्होंने चेंबर की मांग पर होलसेल कॉरिडोर के लिये 1 हजार एकड़ भूमि देने की सहमति प्रदान की साथ ही कहा कि आगामी 3 से 4 माह में निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। श्री बघेल ने घोषणा करते हुये कहा कि पोहा, मुरमुरा का मंडी शुल्क माफ करने की अधिसूचना एक सप्ताह में जारी कर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि आवासीय प्रयोजन हेतु सुरक्षित भूमि में संचालित व्यवसायिक गतिविधियों का भी नियमितिकरण किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुये कहा कि सभी बाजारों में प्रकाश, स्वच्छता, सीसीटीवी आदि की व्यवस्था की जायेगी। मुख्यमंत्री ने राज्य के बाहर निर्मित वस्तुओं का क्रय राज्य में रजिस्टर्ड जीएसटी व्यापारियों से ही करने की घोषणा की। कार्यक्रम के पूर्व मुख्यमंत्री को चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों द्वारा कॉपियों से तौला गया जिन्हें जरूरतमंद बच्चों को बांटा जायेगा ।

## खास खबर

### सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन प्रारंभ

**रायपुर।** अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) छत्तीसगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में 11 से 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान सड़क सुरक्षा संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन परिवहन तथा अतंर्विभागीय लीड एजेंसी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ पुलिस, स्वास्थ, शिक्षा आदि विभागों सहित विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से किया जाएगा। गौरतलब है कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह हेतु 11 से 17 जनवरी तक तिथि का निर्धारण किया गया है। इसी अनुक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिलों में सटक सुरक्षा सप्ताह के दौरान एन.सी.सी., एन.एस.एस., भारत स्काउट एवं गाईड स्कूली छात्र-छात्राओं तथा यातायात प्रभारियों एवं अन्य सहयोगी संगठनों के सहयोग से जन जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का अयोजन किया जाएगा। इसके तहत् रोड शेपटी विवन, गुड सेमेरिटन का सम्मान, निबंध प्रतियोगिता लघु विडियों, सेल्फी विथ शेड सेफ्टी वारियर, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम को शामिल किया गया है। इसके साथ-साथ ट्रक एवं ट्रैक्टर के साईट/पीछे की ओर रिफ्लेक्ट टेप की जांच कराना, गलत दिशा पर वाहन चालन को रोकने हेतु समझाईश एवं कार्यवाही तथा ओव्हर लोडिंग रोकने हेतु विशेष अभियान चलाया जायेगा। इसी तरह पैदल चलने वालों की सुरक्षा एवं रोड क्रॉस करने संबंधी जागरूकता, पहाडी क्षेत्रों के मार्गो में क्रैश बैरियर हेतु पहल, वाहन चालकों के लिए नेत्र जांच शिविर आदि कार्यक्रम किये जाने हेतु एन.सी.सी., एन. एस. एस. भारत स्काउट एवं गाइड, परिवहन शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पुलिस अधिकारियों का वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से मार्गदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी अध्यक्ष, अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) संजय शर्मा ने दी है।

### राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का हुआ रंगारंग समापन

## राज्य में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने का सफल आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** तीन दिनों से चल रहे राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों का आज रंगा-रंग समापन बलवीर सिंह जुनेजा स्टेडियम में हुआ। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के समापन समारोह में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर हमारे ग्रामीण इलाकों में प्रचलित खेल जो लुप्त हो रहे थे, उनको प्रोत्साहन एवं बढ़ावा देने के लिए राज्य में पहली बार छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरूआत की गई है।



राज्य के ग्रामीण अंचल से लेकर शहरों तक छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में शामिल 14 पारंपरिक खेलों में बीते 6 अक्टूबर से लेकर आज तक विभिन्न चरणों में सभी आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के सफल आयोजन के लिए उन्होंने सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इससे राज्य में खेल के प्रति एक सकारात्मक वातावरण बना है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि राज्य में छत्तीसगढ़िया संस्कृति को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़िया तीज-त्यौहारों में लोगों की भागीदारी और इसे उत्साहपूर्वक मनाने के लिए शासन द्वारा अवकाश भी घोषित किए गए हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक की राज्य स्तर की स्पर्धाओं में प्रथम, द्वितीय और तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। समापन समारोह में नगर निगम रायपुर के महापौर श्री एजाज ढेबर, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र मुदलियार सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ 8 जनवरी को किया था। इस मौके पर उन्होंने कहा था कि छत्तीसगढ़िया खेलों को संरक्षित करने और आगे बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरुआत की गई है। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक को लेकर पूरे प्रदेश में लोगों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं में इन खेलों में पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। गांव-गांव में खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ है। महिलाओं ने भी इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन हर वर्ष सितम्बर-अक्टूबर माह किए जाने की घोषणा भी मुख्यमंत्री ने इस दौरान की थी। खेल एवं युवा कल्याण विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी पिल्ले ने बताया कि राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों में सभी जिलों के विजेताओं 1711 प्रतिभागी शामिल हुए। ये स्पर्धाएं 8 जनवरी से 10 जनवरी 2023 तक चली। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरूआत 06 अक्टूबर को हुई थी। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में राज्य स्तरीय स्पर्धा में सबसे छोटी 06 वर्ष की बालिका ने फुगड़ी में और 79 वर्षीय बुजुर्ग महिला सुकारो दाई ने गेंड़ी दौड़ में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में ग्रामीण क्षेत्रों के 25 लाख से ज्यादा और नगरीय क्षेत्रों में एक लाख 30 हजार से ज्यादा लोगों की भागीदारी रही। उन्होंने बताया कि बलबीर सिंह जुनेजा इनडोर स्टेडियम में फुगड़ी, बिल्लस, भंवरा, बाटी और कबड्डी, छत्रपति शिवाजी महाराज आउटडोर स्टेडियम में संखली, रस्साकशी, लंगडी, पिट्ठुल, गेंडी दौड़, माधव राव सप्रे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में खो-खो और गिल्ली डंडा और स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में लंबी कूद और 100 मीटर दौड़ खेलों की प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गई। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य के छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया गया। घरेलू महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी इस ओलंपिक में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में 14 खेलों को शामिल किया गया है। इसके तहत दलीय खेल में गिल्ली डंडा, पिट्ठुल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, बाटी (कंचा) और एकल खेल में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मी. दौड़ तथा लंबी कूद की प्रतिस्पर्धाएं शामिल हैं।

## शासकीय योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को समय पर दिलाना सुनिश्चित करें - सांसद सोनी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर लोकसभा के सांसद सुनील सोनी की अध्यक्षता में यहां कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में केंद्र सरकार द्वारा जिले में संचालित योजनाओं और विकास कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई। इस बैठक में श्री सोनी ने जिले के सभी अधिकारियों को योजनाओं के तहत मंजूर किए गए कामों की सतत मॉनिटरिंग-समीक्षा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आमजनों की सहुलियत के लिए स्वीकृत किए गए विकास कार्यो को समय पर पूरा करने के लिए लगातार समीक्षा की जानी चाहिए। काम के पूरा होने में देरी से लोंगो को इसका लाभ समय पर नहीं मिल पाता और योजना का उद्येश्य भी पूरा नही हो पाता है।

सांसद ने स्वीकृत कार्यो के लिए जारी की गई राशि के अनुसार कार्यपूर्णता का लक्ष्य निर्धारित करने को भी कहा। सांसद ने सभी अधिकारियों को जिलेवासियों के हित में जनकल्याणकारी योजनाओं को जिले के ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाकर लोकहित में काम करने के निर्देश दिये। बैठक में रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक श्री कुलदीप जुनेजा, बिरगांव के महापौर श्री नंद लाल देवांगन, जिला पंचायत रायपुर की अध्यक्ष श्रीमती डोमेश्वरी वर्मा, समिति के सदस्य श्री देवजी भाई पटेल, श्री अशोक बजाज सहित जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, कलेक्टर श्री डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, रायपुर नगर निगम के आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश छिकारा और जनप्रतिनिधिगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

सासंद श्री सोनी ने मनरेगा में 2 वर्ष पूर्व स्वीकृत कार्य की अपूर्णता की जानकारी चाही। जिस पर सी.ई.ओ जिला पंचायत ने बताया कि कुछ कार्य भूगतान लंबित होने के कारण अपूर्ण है तथा शेष सभी कार्य 31 मार्च तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।

उन्होंने स्व सहायता की महिलाओं को बैंक सखी के रूप् में जोड़ने कहा। धरसीवां की विधायक श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा ने प्राइमरी स्कूलों में पेवर ब्लॉक लगाने का सुझाव दिया ताकि बरसात के दिनों में छोटे बच्चें कीचड से बच सकें और स्व सहायता समूहों की महिलाओं को रोजगार भी मिल सके। श्री सोनी ने डॉक्टरों की समुचित व्यवस्था करने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने रायपुर शहर में यातायात व्यवस्था सुदृढ़िकरण करने के संबंध में भी संबंधित विभाग के अधिकारियों से विस्तार से चर्चा किए।

## जन चौपाल कार्यक्रम में मिली 32 आवेदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डोमन सिंह एवं अधिकारियों ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जन चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से जनसामान्य से रूबरू होकर उनकी समस्याएं और शिकायतों को सुना। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं, मांगो और शिकायतों से संबंधित आवेदन दिए। जन चौपाल कार्यक्रम में 32 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें ग्राम पंचायत मनगटा के ग्रामीणों ने अपने गांव की शासकीय भूमि पर अवैध रूप से संचालित ईट भट्ठे के संचालन पर रोक लगाने संबंधी आवेदन प्रेषित किया है। ग्रामवासियों ने बताया कि उनके ग्राम में मध्यप्रदेश से आए कुछ लोगों द्वारा गांव की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर ईट भट्ठे का संचालन किया जा रहा है। ईट भट्ठे से निकलने वाले धुंए और गंदगी से गांव वालों को कई प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव में प्रदूषण बढने् के साथ-साथ उन्हें कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत सुरगी के सरिता साहू ने मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान राशि स्वीकृत करने, बरबसपुर के श्रीमती प्रमिला वर्मा ने वृद्धा पेंशन राशि स्वीकृत करने, ग्राम पंचायत तुमड़ीलेवा के हरीश कुमार चिटफंड कंपनी की राशि वापस दिलाने, गातापारा के दिव्यांग रामजी साहू ने दिव्यांग पेंशन राशि स्वीकृत करने संबंधी आवेदन दिया है।

### कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभागवार विभागीय योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए जिले में गणतंत्र दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन की प्रारंभिक तैयारी किए जाने के लिए संबंधित विभागों को दायित्व सौंपते हुए व्यवस्थित आयोजन कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर नल जल कनेक्शन की सुविधा प्रदान किए जाने के लिए किए जा रहे कार्यों को गुणवत्तापूर्ण सभी जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी और डिप्टी कलेक्टर्स को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।










## खास खबर...



### बिरगांव नगर निगम के तीसरी बार नेता प्रतिपक्ष बने साहू

**रायपुर (ए)।** भारतीय जनता पार्टी बिरगांव पार्षद दल की बैठक भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में संभाग प्रभारी एवं बिरगांव नेताप्रतिपक्ष चयन प्रभारी सौरभ सिंह जिलाध्यक्ष जयंती पटेल ग्रामीण पूर्व विधायक नंद कुमार साहू जिला महामंत्री रमेश सिंह ठाकुर की उपस्थिति में संपन्न हुई। जिसमे बिरगांव नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष के लिए गोवर्धन वार्ड के तीन बार के पार्षद ओमप्रकाश साहू का सर्व सम्मति चयन किया गया है।

उक्त बैठक में पार्षद होरीलाल देवांगन पतिराम साहू केहरू साहू खेंम साहू ज्ञानेश्वरी मिर्झा सकून डेविड साहू धर्मिन पुनाराम साहू गोदावरी रवि साहू बिस्वंतीन धनेश जोगी बिरगांव पूर्व महापौर अम्बिका यदु, रघु चंद्राकरजी, टीकाराम साहू, पुनाराम साहू, अकबर अली उपस्थित थे।

### अब निगम नहीं देगा डस्टबिन, खुद अलग करना होगा गीला और सूखा कचरा

**रायपुर (ए)।** अब शहर के लोगों को कचरा इकठ्ठा करने के साथ ही इसे कचरा गाड़ी वालों को देने के लिए निगम डस्टबिन नहीं देगा। अफसरों के अनुसार पहले 2019 और इससे पहले 2016 में सभी लोगों को डस्टबिन निगम की ओर से दिया गया था। वहीं, अब ज्यादातर लोगों के घरों के डस्टबिन या तो टूट गए हैं या फिर खराब हो गए हैं। ऐसे में अब भी गीला और सूखा कचरा एक ही डिब्बे या फिर पालीथिन में इकट्ठा कर कचरा गाड़ी वालों को दे रहे हैं। जबकि कायदे से लोगों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग इकट्ठा कर कचरा गाड़ियों को देना है, लेकिन इसके बावजूद इस दिशा में कार्य नहीं किया जा रहा है। वहीं, इसी की वजह से पिछले स्वच्छता सर्वेक्षण में निगम के अंक कट गए थे और रायपुर की स्वच्छता रैंकिंग सात से नीचे उतरकर 11 वें पायदान पर आ गई थी। वहीं, अब पिछली बार से सबक लेकर निगम की सफाई व्यवस्था में सुधार किया जा रहा है।

अब निगम द्वारा गीला और सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिए लोगों से अपील की जा रही है और गाड़ियों से अनाउंसमेंट भी किया जा रहा है। वहीं, इसके बावजूद पृथक नहीं करने पर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही जा रही है, ताकि लोगों को सफाई के प्रति सजग किया जा सके।


### रायपुर में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह सुबह 9 बजे से पुलिस परेड ग्राउंड में होगा

**रायपुर (ए)।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की सभी तैयारियों के संबंध मे विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने बताया कि रायपुर में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह 26 जनवरी को सुबह 9 बजे पुलिस परेड ग्राउण्ड रायपुर में आयोजित होगा। कलेक्टर ने बताया कि अंतिम रिहर्सल 24 जनवरी को प्रात: 8.30 बजे से पुलिस परेड ग्राउंड में किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को समय में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोविड-19 के फैलाव को दृष्टिगत रखते हुए स्कूल बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं होगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2023 को रात्रि में सभी शासकीय भवनों पर रोशनी की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिस परेड ग्राउंड में इस वर्ष इच्छुक विभागों द्वारा झांकियों की प्रस्तुति किया जाएगा। उन्होंने कहा की राजधानी स्थित सभी कार्यालयों में गणतंत्र दिवस पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम सुबह 8 बजे के पूर्व सम्पन्न करा लिए जाए। उन्होंने बताया कि कलेक्टोरेट में सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा एवं जिला स्तरीय पुरस्कार का भी वितरण किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ में हर वर्ग के लोगों में आयी खुशहालीः मुख्यमंत्री बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के फलस्वरूप हर वर्ग के लोगों में खुशहाली आयी है। यहां ग्रामीण हो व शहरी क्षेत्र, हर अंचल में निवासरत लोगों को उन्नति के भरपूर अवसर उपलब्ध हुए हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी के एक निजी होटल में एक चैनल द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के समन्वित विकास के लिए महात्मा गांधी के बताए रास्ते का अनुशरण करते हुए सुराजी गांव योजना का बेहतर ढंग से संचालन किया जा रहा है। जिसका गांव, गरीब, किसान तथा मजदूर आदि वर्ग को भरपूर लाभ मिल रहा है। इससे गांव-गांव का विकास सहित उन्हें स्वावलंबी बनाने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस दौरान 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया' कहकर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने इस दौरान जनहित में संचालित विभिन्न योजनाओं राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना तथा राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना आदि कार्यक्रमों का जिक्र करते हुए कहा कि इनसे समाज के खासकर किसान, मजदूर, महिला, आदिवासी तथा युवा वर्ग और गरीब तथा कमजोर वर्ग सहित सभी वर्ग के लोगों की भलाई तथा उत्थान का कार्य हो रहा है। इस तरह सुराजी गांव योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना से लोगों को सुगमता से रोजगार मिल रहा है।

मुख्यमंत्री बघेल ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में तेंदूपत्ता से लेकर 65 प्रकार के लघु वनोपजों की खरीदी हो रही है। किसानों को धान और गन्ना की कीमत सबसे ज्यादा छत्तीसगढ़ में मिल रही है। कोदो कुटकी और रागी का समर्थन मूल्य पर खरीदी कर रहे हैं। पूरे भारत का 74 प्रतिशत लघु वनोपज यहां पर खरीदी की जा रही है। स्वच्छता में पूरे देश में हम 3 साल से पहले नंबर पर हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने इस दौरान प्रदेश में स्वास्थ्य, शिक्षा तथा रोजगार आदि विभिन्न क्षेत्रों में चलाए जा रहे कार्यक्रमों का भी विशेष रूप से उल्लेख किया।

## मंत्री डॉ. डहरिया ने धान खरीदी केन्द्र का किया औचक निरीक्षण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने आज अपने जनसम्पर्क भ्रमण के दौरान रायपुर जिले के विकासखण्ड आरंग के ग्राम गनौद में धान उपार्जन केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। डॉ. डहरिया ने वहां पर किसानों से समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी का जायजा लिया और किसानों को भुगतान के बारे में सहकारी समिति में मौजूद कर्मचारियों से जानकारी ली। सहकारी समिति के अधिकारियों ने बताया कि समिति में अब तक करीब 44 हजार 255 क्विंटल धान खरीदी गई है तथा किसानों को 7 करोड़ 8 लाख 45 हजार रूपए की भुगतान ऑनलाइन कर दिया गया है। समिति के अधिकारियों ने जानकारी दी कि उपार्जन केन्द्र से अब तक मिलर्स द्वारा 38 हजार 400 क्विंटल धान का उठाव किया गया है। धान खरीदी हेतु पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध है और धान खरीदी सुचारू ढंग से की जा रही है। मंत्री डॉ. डहरिया ने मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीदी केन्द्र में आने वाले किसानों को किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़े यह सुनिश्चित करें। किसानों को सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराएं। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए राजधानी रायपुर के बैरनबाजार स्थित पुलिस मेस सभागार में तीन दिवसीय राज्य कार्यशाला का सोमवार को शुभारंभ हुआ। एआईजी और संयुक्त आयुक्त परिवहन (सड़क सुरक्षा) संजय शर्मा द्वारा कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। उन्होंने कार्यशाला के दौरान राज्य में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के संबंध में जागरूकता के लिए जनता को शामिल करते हुए परिवहन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। सुगम और सुरक्षित यातायात के लिए राज्य में संबंधित एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। कार्यशाला का आयोजन एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसपोर्ट डेवलपमेंट द्वारा किया गया है, यह कार्यशाला सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार (एमओआरटीएच) द्वारा प्रायोजित की गई। उपायुक्त, दिल्ली अनिल छिकारा को फेसलेस ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्टिंग, ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग, फेसलेस मोड, ई-चालान आदि के लिए दिल्ली में की गई पहल की जानकारी देने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## धान खरीदी के 48 घंटे के भीतर किसानों को करें राशि का भुगतानः विशेष सचिव सहकारिता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** विशेष सचिव सहकारिता हिम शिखर गुप्ता और पंजीयक सहकारी संस्थाएं नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने नवा रायपुर स्थित अपेक्स बैंक मुख्यालय में सहकारिता विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। विशेष सचिव सहकारिता हिम शिखर गुप्ता ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को धान खरीदी के 48 घंटे के भीतर किसानों के धान की राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सहकारी बैंकों की शाखाओं में 31 मार्च तक 115 एटीएम लगाने का लक्ष्य है। नाबार्ड सहायता अंतर्गत आरआईडीएफ योजना से 725 गोदाम निर्माण की स्वीकृति किया गया है। इस सभी गोदामों का निर्माण वर्षाकाल के पूर्व समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।



बैठक में धान खरीदी की समीक्षा में पाया कि छत्तीसगढ़ में 2616 धान उपार्जन केन्द्र के माध्यम से अब तक 89 लाख मेट्रिक टन धान खरीदी किया जा चुका है। अब तक 17,772 करोड़ रूपए का भुगतान किसानों के बैंक खाते में किया जा चुका है। ऋण के विरूद्ध वसूली की समीक्षा में बताया गया कि 5663 करोड़ रूपए की मांग के विरूद्ध 4580 करोड़ रूपए की वसूली हो चुकी है, जो कि 80 प्रतिशत है। अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में सहकारी बैंकों की कुल 326 शाखाएं है, जिसमें 110 एटीएम कार्यरत हैं। बैठक में निर्देशित किया गया कि 31 मार्च 2023 तक 115 एटीएम लगाने का लक्ष्य दिया गया है। इससे किसानों को राशि आहरण में सहुलियत होगी। छत्तीसगढ़ में 2058 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां है। इन समितियों में 1365 माइक्रो एटीएम प्रदान किया जा चुका है।

नाबार्ड सहायता अंतर्गत आरआईडीएफ योजना से स्वीकृत 725 गोदामों में से 624 गोदाम निर्माण का कार्यादेश जारी किया जा चुका है एवं निर्माण कार्य प्रगति पर है। विशेष सचिव सहकारिता ने अधिकारियों को इन सभी गोदामों का निर्माण वर्षा काल के पूर्व करने का निर्देश दिया गया।

नेशनल डेटाबेस के अनुरूप कम्प्यूटराईजेशन किया जाना है। इस संबंध में 2058 पैक्स कम्प्यूटराईजेशन की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि इसके लिए समितियों के समस्त लेखा पत्रकों में दर्ज कर उनका 31 मार्च तक मिलान सुनिश्चित कर लिया जाए।

बस्तर एवं सरगुजा संभाग में बैंकिंग विस्तार की समीक्षा के दौरान बस्तर संभाग में बैंकिंग विस्तार एवं एटीएम स्थापना के प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया।

# जोरा-लाभांडी गांव के लोग भी अब फुंडहर गौठान में बेच सकेंगे गोबर, प्रभारी मंत्री चौबे ने बनाई व्यवस्था

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम सीमा के जोरा और लाभांडी गांव के लोग भी अब फुंडहर गौठान में गोबर बेच सकेंगे। ज़िले के प्रभारी मंत्री और कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने जिला योजना समिति सह समीक्षा बैठक में इस बारे में व्यवस्था बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। प्रभारी मंत्री ने ज़िले में चल रही शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और उपलब्धियों की भी समीक्षा की। उन्होंने शासकीय योजनाओं को तेज़ी से क्रियान्वित कर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में रायपुर ग्रामीण के विधायक सत्यनारायण शर्मा ने जोरा और लाभांडी गाँव के पशु पालकों की गोबर बेचने की समस्या का मामला उठाया। उन्होंने बताया कि इन दोनों गांवो के पशुपालक फुंडहर के गौठान में गोबर नहीं बेच पा रहे है, जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रभारी मंत्री चौबे ने तत्काल इसका सामाधान करते हुए फुंडहर गौठान में गोबर ख़रीदी की व्यवस्था करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त को दिए। उन्होंने यह भी कहा की जोरा फुंडहर की दूरी अधिक होने के कारण,यदि सम्भव हो तो जोरा-लाभांडी गाँव के पशु पालकों के लिए अलग गोबर खरीदी केंद्र शुरू किया जाए। इस बैठक में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर, बीरगांव नगर निगम के महापौर नन्दलाल देवांगन, ज़िला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, अभनपुर के विधायक धनेंद्र साहू, धरसीवाँ विधायक अनीता शर्मा सहित कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भूरे, ज़िला पंचायत के सीईओ आकाश छिकारा, नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी और अन्य जनप्रतिनिधि तथा ज़िला स्तरीय अधिकारी भी शामिल हुए।




बैठक में प्रभारी मंत्री चौबे ने गौठानों में अधिक से अधिक पैरादान कराने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि किसानों के खेतों में रखे पैरा को गौठानों तक लाने के लिए गौठान समितियों को सरकार ने परिवहन सहायता भी उपलब्ध कराई है। इस राशि का उपयोग कर गौठान समितियां खेतो से भी सीधे पैरा गौठानों में ला सकती है। प्रभारी मंत्री ने जिले में धान खरीदी की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। श्री चौबे ने जिले की बड़ी प्राथमिक सहकारी समितियों सह धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिए नलकूप खनन करने और सोलर पंप के माध्यम से पानी की व्यवस्था सुनिशिचत करने के निर्देश क्रेडा एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्वच्छता मिशन के तहत खरीदी केन्द्रों में सामुदायिक शौचालय बनाने के प्रस्ताव भी तैयार करने को कहा। प्रभारी मंत्री ने धरसीवां विधायक के संज्ञान पर धनेली गौठान स्थल पर अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश भी दिए।

### परसदा-काठिया सड़क की गुणवत्ता की होगी जांच

बैठक में प्रभारी मंत्री ने परसदा- कठिया सड़क की गुणवत्ता की जांच कराने के भी निर्देश कलेक्टर को दिए। अभनपुर विधायक धनेन्द्र साहू ने सड़क की गुणवत्ता ठीक नही होने और नई सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने की जानकारी बैठक में दी थी। प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के कार्यपालन अभियंता से इस संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सड़क की खराब स्थिति पर नाराजगी जताई और किसी आई.ए.एस अधिकारी की अध्यक्षता में जांच समिति गठित कर सड़क की जांच कराने के निर्देश कलेक्टर को दिए। समिति एक हफ्ते में सड़क की गुणवत्ता की जांच कर रिपोर्ट सौपेंगी। प्रभारी मंत्री ने गुणवत्ताहीन सड़क पाए जाने पर संबंधित तत्कालीन अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

### प्रदेश में बढ़ सकती है ठंडः मौसम विभाग

**रायपुर (ए)।** प्रदेश में बीते कुछ दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। प्रदेशवासियों को कल ठंड से थोड़ी राहत तो मिली थी। वहीं आज एक बार फिर मौसम ने लोगों को चौंका दिया। आज सुबह से पूरे प्रदेश में मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। मौसम बदलने के कारण ठंड भी थोड़ी कम हुई है। वहीं मौसम विभाग ने आज प्रदेश में तापमान बढ़ने की संभावना जताई हैं। लेकिन मौसम विभाग ने आज भी कई जगह शीतलहर की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में सबसे न्यूनतम तापमान जशपुर में दर्ज किया गया। जशपुर का तापमान 5.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं, राजधानी रायपुर का तापमान 11.5, दुर्ग में 9.2, राजनांदगांव में 9.6, कोरबा में 9.2 डिग्री, रायगढ़ में 10.2, मुंगेली में 9.0, कांकेर में 7.6, दंतेवाड़ा में 8.0, बीजापुर में 8.9 डिग्री, बस्तर में 8.8, बिलासपुर में 12.0 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

• जीन्स
• टी-शर्ट
• शर्ट
• ट्राउजर
भारत जीन्स
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटरप्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

## सांवली लड़कियां इस्तेमाल करें इन रंगों की लिपस्टिक

# मिलेगा आकर्षक लुक

एक समय था जब लोग सुंदरता को रंग से जोड़ते थे और सांवलेपन को लेकर महिलाएं चिंता में रहती थी। सांवली त्वचा वाली महिलाओं की सबसे बड़ी परेशानी होती थी कि उनकी स्किन टोन पर किस तरह का मेकअप किया जाए ताकि आकर्षक लुक मिल सकें। लेकिन आज की महिलाओं ने यह साबित कर दिया है कि सिर्फ गोरा रंग होना ही काफी नहीं होता। सांवली रंगत पर भी सब कुछ खिलता है। आज हम बात करने जा रहे हैं सांवली त्वचा वाली महिलाओं के लिए लिपस्टिक शेड्स की जो आपको परफेक्ट लुक दिलाने में मदद करती हैं। चाहे बॉलीवुड की दीवाएं हों या फिर टॉप मॉडल्स, डस्की स्किन में वे ये लिपस्टिक शेड्स आजमाकर गॉर्जियस लुक पाती हैं। आइये जानते हैं इनके बारे में...



### चॉकलेट ब्राउन

यह कॉपर ब्राउन से काफी अलग होता है। चॉकलेट ब्राउन बहुत गहरा कलर है। डार्क स्किन टोन पर यह नैचुरल नजर आता है। यदि आप सिंपल लुक में रहना चाहती हैं, तो अपने होंठों पर चॉकलेट ब्राउन शेड ट्राई करें। यह फैशनेबल और बहुत अलग दिखता है।

### बेज कलर

बेज कलर किसी भी स्किन टोन और किसी भी कलर की ड्रेस के साथ मैच करता है बेज कलर गोरी रंग की लड़कियों के साथ ही सांवली रंग की लड़कियों पर भी खूब खिलता है। इसे आप किसी भी केजुअल वियर या ऑफिस वियर के साथ आसानी से कैरी कर सकती हैं। यह सांवली स्किन टोन की महिलाओं के लिए सबसे अच्छा लिपस्टिक शेड है।

### मजेंटा

डार्क स्किन के लिए इस शेड्स की लिपस्टिक बेहद पॉपुलर है। यह शेड एशियन डार्क, अफ्रीकन डार्क और अफ्रीकन- एशियन डार्क स्किन टोन के लिए परफेक्ट है। सांवली त्वचा पर मजेंटा शेड काफी खूबसूरत नजर आता है, जो आपकी सुंदरता में चार-चांद लगा देता है।

### कॉपर ब्राउन

कॉपर ब्राउन सांवली स्किन टोन वाली महिलाओं पर अत्यधिक आकर्षक लगता है। कॉपर ब्राउन कलर के विभिन्न रंग स्वाभाविक रूप से डस्की स्किन को परफेक्ट लुक देने में मदद करते हैं। यह शेड हर तरह की ड्रेस और इवेंट के साथ काम करता है। इस लिपस्टिक शेड को आप एथनिक और वेस्टर्न किसी भी ड्रेस के साथ ट्राई कर सकती हैं।

### रेड

यह कलर हर किसी का फेवरेट है। सांवली त्वचा की महिलाओं पर यह शेड काफी हॉट और सुंदर लगता है। रेड लिप लाइनर से अपने लिप्स को लाइन करें और फिर रेड शेड की लिपस्टिक लगाएं। ऊपर से लाइट ग्लिटर लगाएं। इससे न सिर्फ आपका लुक संवरता है बल्कि आप काफी अलग नजर आ सकती हैं।

### पर्पल कलर

पर्पल कलर भले ही थोड़ा डार्क क्यों न लगे लेकिन ये कलर गोरी त्वचा से ज्यादा डस्की यानी सांवली त्वचा पर खिलता है। इस स्किन टोन की महिलाएं अपनी किसी भी ड्रेस के साथ इस लिपस्टिक को ट्राई करके परफेक्ट दिख सकती हैं।

### रोज पिंक

रोज के चमकीले शेड्स सांवली त्वचा पर खूबसूरत नजर आते हैं। डार्क स्किन के लिए कोरल पिंक या रोज पिंक शेड्स परफेक्ट हैं। मार्केट में रोज के अलग-अलग शेड्स उपलब्ध हैं। अपनी पसंद के अनुसार इन शेड्स का इस्तेमाल कर आप अपने लुक को संवार सकती हैं।

### न्यूड

अगर आप सिंपल, सॉफ्ट और फॉर्मल लुक चाहती हैं तो न्यूड लिपस्टिक से बेहतर और क्या हो सकता है। अपने होठों को ब्रोंज से लाइन करें और सावधानी से न्यूड लिपस्टिक लगाएं। इस शेड में सांवली त्वचा की खूबसूरती निखरकर सामने आती है।

## फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में टाइगर श्रॉफ के अपोजिट नजर आएंगी अलाया एफ



बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ और अक्षय कुमार इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त बज बना हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स ने फिल्म में टाइगर की गर्लफ्रेंड का किरदार निभाने के लिए अभिनेत्री अलाया एफ को साइन किया है। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर कर रहे हैं और इसका निर्माण वाशु भगनानी, जैकी भगनानी और दीपशिखा देशमुख द्वारा किया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म का बजट 300 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इस लिहाज से यह फिल्म बॉलीवुड की सबसे महंगी फिल्मों में शामिल हो जाएगी। फिल्म में अक्षय और टाइगर के अलावा सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और पृथ्वीराज सुकुमारन भी हैं, जो खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। बता दें, अमिताभ बच्चन और गोविंदा की कॉमेडी एक्शन फिल्म बड़े मियां छोटे मियां साल 1998 में रिलीज हुई थी। हालांकि, वाशु भगनानी की यह फिल्म रीमेक नहीं है।

## दो प्रेग्नेंसी के बाद भी गजब ढाहती हैं एक्ट्रेस देबिना बनर्जी



एक्ट्रेस देबिना बनर्जी दो बेटियों के जन्म के बाद अपनी खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। फैंस का मानना है कि दो बच्चों की डिलीवरी के बाद भी एक्ट्रेस की खूबसूरती में पहले से और ज्यादा निखार आया है। वहीं, उनकी लेटेस्ट ब्लैक आउटफिट में तस्वीरें धमाल मचा रही हैं। दो बेटियों को जन्म देने के बाद देबिना बनर्जी एक बार फिर सोशल मीडिया पर अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर रही हैं।

एक्ट्रेस देबिना बनर्जी ब्लैक कलर का लॉन्ग कोट और बूट पहनकर ग्लैमरस अदाएं दिखाती नजर आ रही हैं। ग्लॉसी मेकअप और ओपन हेयर स्टाइल में एक्ट्रेस देबिना बनर्जी गजब की बला लग रही हैं। उनकी खूबसूरती पर फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं।

बता दें कि देबिना बनर्जी ने दो डिलीवरी के बाद पहली बार अपने हुस्न का जलवा बिखेरा है, इस लुक में एक्ट्रेस को देखकर फैंस हैरान हैं। गोवा में उनके स्टाइलिश लुक को देखकर फैंस उनकी तारीफ करते हुए नहीं थक रहे हैं। फैंस उनकी तस्वीरों पर ढेरों लाइक्स और कमेंट्स कर रहे हैं।

प्रेग्नेंसी के बाद देबिना बनर्जी ने खुद को काफी जल्दी मेंटेन कर लिया, उन्हें देखकर नहीं लगता है कि वो दो बच्चों की मां हैं। देबिना बनर्जी अभी हाल ही में अपनी फैमली के साथ गोवा में छुट्टियां मनाती नजर आई हैं।

दूसरे बच्चे को जन्म देने के बाद फैंस ने उन्हें सुपर मॉम का तमगा दे दिया है। साथ ही फैंस उनकी तस्वीरों को देखकर बेताब हो रहे हैं। इंस्टाग्राम पर देबिना बनर्जी के 2.6 मिलियन फॉलोवर्स हैं। फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं।

## क्या आप भी कर रहे हैं कड़ाके की ठंड में हीटर का इस्तेमाल, जान लें इसके नुकसान

बीते कुछ दिनों में मौसम ने करवट बदली हैं और कड़ाके की ठण्ड पड़नी शुरू हो गई हैं। ठिठुरने वाली इस सर्दी में सभी रजाई और कंबल से बाहर निकलना भी पसंद नहीं करते हैं। ऐसी सर्दियों में खासतौर से बुजुर्गों और बच्चों का ख्याल रखने की जरूरत होती हैं। सर्दियों में गर्माहट पाने के लिए लोग रूम हीटर का सबसे ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। लेकिन क्या आप जानते है की इस हीटर से निकलने वाली गर्म हवा आपकी सेहत के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। जी हां, हीटर के कई साइड इफेक्ट भी हैं जो बढ़ते हुए जानलेवा भी साबित हो सकते हैं। आज इस कड़ी में हम आपको हीटर से होने वाले नुकसान और इसे इस्तेमाल करने के दौरान बरती जाने वाली सावधानी के बारे में बताने जा रहे हैं।

### आंखों में होने लगती हैं खुजली

हीटर के लगातार चलने से कमरे में मौजूद हवा में नमी खत्म हो जाती है। इसे त्वचा के साथ आंखों की नमी भी खत्म होने लगती है और आंखों में जलन और खुजली होने लगती है। इसलिए हीटर चलाने पर कमरे में पानी भरकर जरूर रखें अगर आंखों में खजली हो रही है तो उसे मसलने की जगह उसमें पानी के छीटें मारें। मसलने से आंखे लाल भी हो सकती हैं।

### सांस के मरीजों के लिए घातक

रूम हीटर और अंगीठी से निकलने वाली कार्बन मोनोऑक्साइड गैस सांस की नली के जरिये शरीर में पहुंचकर श्वसनतंत्र व अस्थमा के मरीजों के लिए घातक साबित हो सकती है। ब्रोंकाइटिस और साइनस से जूझ रहे लोगों की एलर्जी रूम हीटर से बढ़ सकती है। ऐसे लोगों को हीटर के पास बैठने पर कफ बनने लगता है। साथ ही छींक और खांसी आने लगती है। इसके अलावा हृदय से जुड़ी बीमारियों का इलाज करा रहे और स्मोकिंग करने वाले लोगों को रूम हीटर चलाकर सोने से कई तरह के खतरे बढ़ जाते हैं।

### स्किन हो जाती है ड्राई

रूम हीटर्स हवा में मौजूद नमी को सोखकर उसे ड्राई बना देते हैं। इसका असर त्वचा पर भी पड़ता है। हीटर में ज्यादा देर रहने से त्वचा भी ड्राई हो जाती है। इतना ही नहीं ड्राई होने पर त्वचा पर तरह-तरह के इंफैक्शन होते हैं। अगर आपको रूम हीटर चला ही है तो आपको पहले कमरे में एक बाल्टी पानी भर कर रखना चाहिए ताकि कमरे मे नमी बनी रहे। इसके साथ कमरे के खिड़की दरवाजो को पूरी तरह से बंद नहीं करना चाहिए। उन्हें थोड़ा खोल कर रखना चाहिए ताकि बाहर से हवा अंदर आती रहे और वेन्टिलेशन बना रहे।



### त्वचा पर हो सकती हैं झुर्रियां

जाड़े के मौसम हीटर भले ही थोड़ी राहत पहुंचाता है मगर इसे लगातार इस्तेमाल करने से आपकी त्वचा पर झर्रियां पड़ सकती हैं। दरअसल, हीटर से निकलने वाली गैस त्वचा की क्वालिटी को खराब करती हैं और सोंलग टिशूज को खराब कर देती है। ये टिशूज त्वचा के अंदर होते हैं और इनके खराब होने से पिगमेंटेशन की दिक्कत हो जाती है। हीटर का इस्तेमाल कर भी रही हैं तो कुछ देर के लिए ही करें।

### दम घुटने की समस्या

इलेक्ट्रीक हीटर्स रूम में मौजूद हवा की नमी को सोखकर हवा को ड्राई बना देते हैं। ऐसे में वैसे लोग जो पहले से ही सांस संबंधी किसी तरह की बीमारी से पीड़ित हैं उन्हें सफोकेशन यानी दम घुटने की दिक्कत महसूस होने लगती है। इस परेशानी से बचने के लिए आपको हीटर इस्तेमाल करते वक्त रूम में एक बाल्टी भरकर पानी रखना चाहिए। साथ ही हीटर यूज करते वक्त सभी खिड़की-दरवाजे पूरी तरह से बंद नहीं कर देने चाहिए बल्कि थोड़ा बहुत वेन्टिलेशन जरूर रखना चाहिए।

### इन बातों को ध्यान में रखे करें हीटर का इस्तेमाल

- अगर आप हीटर खरीद रहे हैं, तो कोशिश करें कि आप ऑयल हीटर खरीदें। इस तरह के हीटर हवा को शुष्क नहीं होने देते हैं।
- हमेशा ध्यान रखें कि पूरी रात हीटर जलाकर न सोएं। आप सोने से एक-दो घंटे पहले इसे जलाकर रूम गर्म कर सकते हैं। लेकिन सोने से पहले इसे ध्यान से बंद कर दें।
- जब भी हीटर चलाएं तो उसके आसपास एक बर्तन या कटोरी में पानी भरकर रख दें। इससे हवा में नमी बनी रहेगी और यह रूखेपन से बच सकेगी ।
- हीटर का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो अपनी त्वचा को अच्छी तरह से मॉइस्चराइज करें, ताकि यह सूखे नहीं। साथ ही आंखों की समस्या होने पर डॉक्टर से मिलें।
- अस्थमा या हार्ट संबंधी समस्याओं से जूझ रहे व्यक्ति जितना हो सके कम से कम हीटर का इस्तेमाल करें।


दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### छत्तीसगढ़िया ओलंपिकः छोटे से गांव तालपुर की आठ साल की स्नेहा बनी फुगड़ी क्वीन

**रायपुर।** गांव-गांव में छिपी नैसर्गिक खेल प्रतिभाओं को छत्तीसगढ़िया ओलंपिक ने सामने आने का बेहतरीन अवसर दिया है। इसी क्रम में कबीरधाम जिले के छोटे से गांव तालपुर से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने आई आठ साल की कक्षा दूसरी की छात्रा कुमारी स्नेहा पटेल ने 02 घंटा 20 मिनट तक फुगड़ी खेलकर सबको अचंभित कर दिया। स्नेहा के नन्हें कदम फुगड़ी खेलते हुए जब 2 घंटे के बाद भी नहीं रूके और लगातार चलते रहे तो लोग अचंभित होकर उत्सुकता से उसकी खेल प्रतिभा को टकटकी लगाकर देखते रहे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में फुगड़ी खेलकर स्नेहा सबकी फेवरेट बन गई, और उसकी जमकर सराहना हुई। प्रतियोगिता में 18 से कम आयु की महिला वर्ग में स्नेहा ने अपने से बड़े उम्र के प्रतिभागियों को हराकर पहला स्थान प्राप्त किया। शांत और संकोची स्नेहा के कदमों में गजब की स्फूर्ति और चपलता दिखाई दी। स्नेहा के पिता भीखम पटेल ने बताया कि स्नेहा ने खुद-बखुद बच्चों के बीच फुगड़ी खेलना सीखा है। उसने जिला स्तर फिर राज्य स्तर पर जीत हासिल की है इसकी उन्हें बेहद खुशी है। उसके कारण उन्हें राजधानी तक आने का सौभाग्य मिला। पारंपरिक खेलों की प्रतियोगिता के आयोजन के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद भी दिया।

### राजपथ पर 9 वीं बार नजर आएंगे रिखी क्षत्रिय

**रायपुर।** देश की राजधानी नई दिल्ली में इस वर्ष 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह में छत्तीसगढ़ के प्रख्यात लोक वाद्य संग्राहक और लोक कलाकार रिखी क्षत्रिय 9 वीं बार नजर आएंगे। इस बार रिखी क्षत्रिय देश के तीन प्रमुख आदिवासी राज्यों के कलाकारों का नेतृत्व करते नजर आएंगे। इस संबंध में रिखी क्षत्रिय को केंद्रीय जनजाति कार्य मंत्रालय की ओर से औपचारिक पत्र मिल चुका है और रिखी व उनका समूह 12 जनवरी गुरुवार को नई दिल्ली रवाना हो रहा है। यहां गौरतलब है कि इस वर्ष छत्तीसगढ़ शासन की झांकी राजपथ में नजर नहीं आएगी क्योंकि मिलेट मिशन पर आधारित छत्तीसगढ़ की झांकी को चयन समिति ने अनुमति नहीं दी थी। राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति के आयुक्त असित गोपाल की ओर से रिखी क्षत्रिय और उनके समूह को इस संदर्भ में औपचारिक पत्र मिल चुका है। रिखी क्षत्रिय ने बताया कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनजाति कार्य मंत्रालय की झांकी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का चयन रक्षा मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति ने किया है।

# आजादी की शताब्दी तक भारत आत्म-निर्भर और विश्व गुरु होगा : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि आने वाले 25 वर्ष भारत के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। भारत निरंतर विश्व गुरु बनने की महत्वाकांक्षी यात्रा पर है। वर्ष 2047 में जब हमारा देश आजादी की शताब्दी मना रहा होगा, तब तक हमारा देश आत्म-निर्भर और विश्व गुरु बन चुका होगा। भारत की विकास यात्रा में पूरी दुनिया के कोने-कोने में बसे प्रवासी भारतीयों की अहम भूमिका है।**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत का संकल्प है कि विश्व में सभी का समान और न्यायोचित विकास हो। हमारा दर्शन वसुधैव कुटुंबकम का है। सारा विश्व हमारे लिए एक परिवार है। प्रवासी भारतीय, भारत के विकास के विश्वसनीय भागीदार है। हम आपको पूरी तरह भागीदार बनाना चाहते हैं। आपकी सामूहिक ताकत, इनोवेटिव आइडियाज, तकनीकी दक्षता, क्षमता भारत को आत्म-निर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

राष्ट्रपति ने ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर में तीन दिवसीय 17 वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन दिवस का समापन किया। उन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए 27 प्रवासी भारतीयों को प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम में गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली और सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी विशेष रूप से शामिल हुए। राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी उपस्थित थे।

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि विश्व में प्रवासी भारतीयों का विशिष्ट और महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने अपने समर्पण और कड़ी मेहनत से कला, साहित्य, राजनीति, खेल, व्यापार, लोक कल्याण, विज्ञान, प्रौद्योगिकी आदि हर क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल की है। आप की उपलब्धियाँ हमारे लिए गर्व और प्रसन्नता का विषय है।

राष्ट्रपति ने कहा कि प्रवासी भारतीय सम्मान प्रवासी भारतीयों को दिए जाने वाला देश का सर्वोच्च सम्मान है। यह उनके भारत और अन्य देशों के लिए किए गए कार्यों और योगदान को प्रदर्शित करता है। विश्व में भारत का झंडा ऊँचा करने के लिए आप सब बधाई के पात्र हैं।

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि गत दो दशक में प्रवासी भारतीय सम्मेलन ने भारत की तरक्की में अहम भूमिका निभाई है। यह सरकार और प्रवासी भारतीय के बीच संवाद और सहयोग का महत्वपूर्ण मंच बन गया है। कोरोना के कारण 2 वर्ष पहले यह सम्मेलन वर्चुअली आयोजित किया गया था। आज आप सभी से मिल कर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। यह सम्मेलन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 9 जनवरी 2015 को अफ्रीका से भारत लौटने की गौरवमयी याद में मनाया जाता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सरकार प्रवासी भारतीयों के कल्याण के लिए हर संभव कार्य कर रही है। उन्हें सहायता और सहयोग देने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाया गया है। ऑपरेशन गंगा के माध्यम से यूक्रेन से भारतीय विद्यार्थियों को सम्मान पूर्वक वापस लाया गया।

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि प्रवासी भारतीय सम्मेलन के सभी सत्र अत्यंत महत्वपूर्ण रहे हैं। इनमें प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में तरक्की के रास्ते खुलेंगे। सम्मेलन में विशेष रूप से महिला उद्यमियों की भागीदारी महत्वपूर्ण रही है। यह हमारी अर्थ-व्यवस्था को मजबूत करेगी। सम्मेलन में युवा प्रवासी भारतीयों की भूमिका भी सराहनीय है। वे नई तकनीकी के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। विश्व के समक्ष वर्तमान समय में आ रही आर्थिक और अन्य चुनौतियों का भी हल निकलेगा। सभी देशों के साथ भारत के बेहतर संबंध बनेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि इस वर्ष भारत को जी-20 की अध्यक्षता करने का गौरव प्राप्त हुआ है। इसकी थीम एक धरती, एक परिवार और एक भविष्य हमारी वैश्विक परिवार की परिकल्पना पर आधारित है। भारत पूरे विश्व में सबके लिए समान विकास के द्वार खोलेगा।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन अवसर पर मन भावुक है। पिछले तीन दिन में इंदौर एक रूप हो गया था। इंदौर में बेटी के विवाह की तरह, इस सम्मेलन की तैयारियाँ की गई।

जिस तरह बेटी की विदाई पर तकलीफ होती है वैसी ही तकलीफ आज अनुभव हो रही है। इंदौर में मेहमान और मेजबान दोनों भाव-विभोर हैं। प्रत्येक घर में भारत की चर्चा हो रही है। यहाँ की जनता अतिथियों के स्वागत में जी-जान से जुट गई। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इंदौर को स्वच्छता और स्वाद की राजधानी कहा है, इंदौर तो जन-भागीदारी की राजधानी भी है।

### रामकथा पर आधारित चित्रकला शिविर शुरू

**रायपुर।** आदिवासी लोक कला अकादमी छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद ओर से राम कथा पर आधारित 9 दिवसीय चित्र कला शिविर शुरुआत मंगलवार को हुई। 18 जनवरी तक रोजाना सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक कला वीथिका महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर रायपुर में होने वाले इस शिविर में देश की विविध लोक एवं आंचलिक शैलियों में पारंगत चित्रकार अपनी कला के माध्यम से राम कथा को प्रदर्शित कर रहे हैं। शिविर में उड़िया पट्ट, चेरियल पट्टम, गंजीफा, मधुबनी, चित्रकथि एवं पटुआ जैसी शैलियों में प्रहलाद महाराणा, विनय कुमार, रघुपति भट्ट, शांति देवी झा, चेतम गंगावणे, मोनी माला, बनमवर महापात्र एवं कुमकुम झा जैसे प्रसिद्ध चित्रकार रामकथा में रंग भर रहे हैं। ठाकर जनजाति ने सहेज कर रखा है रामकथा को महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग इलाके में रहने वाली ठाकर जनजाति को छत्रपति शिवाजी महाराज के गुप्तचर के तौर पर जाना जाता है और इस जनजाति ने 'चित्रकथी' नाम की चित्र शैली के माध्यम से राम कथा व महाभारत कालीन कथा को सहेज कर रखा है। वर्तमान में 'चित्रकथी' के गुरु पद्मश्री परशुराम विश्राम गंगावने ने इस शैली को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## जिले में गणतंत्र दिवस के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करें - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि जिले में गणतंत्र दिवस के गरीमामय आयोजन हेतु सभी तैयारियॉ सुनिश्चित करें। उन्होंने गणतंत्र दिवस के आयोजन में विभागों की जिम्मेदारी से अवगत कराया और कहा कि सभी तैयारियॉ समय पर पूरी करें। शर्मा आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।**

कलेक्टर ने नई शिक्षा नीति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी और इस संबंध में शासन द्वारा जारी किए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जिले में गोबर से तैयार किए जाने वाले प्राकृतिक पेंट इकाई के कार्य की प्रगति की जानकारी ली और शीघ्र गोबर पेंट का उत्पादन शुरू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क के कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली और कार्य में प्रगति लाने तथा कार्यों की मॉनीटरिंग करने के निर्देश संबंधित एस.डी.एम. को दिए।

उन्होंने गौठानों में समुचित मात्रा में चारा की व्यवस्था हेतु पैरादान कराने के निर्देश दिए तथा अब तक हुए पैरादान की स्थिति की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत् आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों व महिलाओं को दिए जाने वाले पोषक आहार के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बच्चों व महिलाओं को नियमित रूप से पोषक आहार प्रदान किया जाए तथा उनके पोषण स्तर में आए सुधार की जानकारी लें। बैठक में पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.रेणुका वास्तव, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा तोमर सहित समस्त एस.डी.एम. व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष ने ड्राई फ्लावर प्रशिक्षण शिविर का किया निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा आयोजित ड्राई फ्लावर प्रशिक्षण शिविर (कृत्रिम फूल निर्माण प्रषिक्षण) में भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता एवं अन्य पदाधिकारी सदस्यों ने ग्राम खमरिया में चल रहे ड्राई फ्लावर प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण किया। भिलाई महिला समाज की पदाधिकारियों ने प्रशिक्षानार्थी महिलाओं से जानकारी ली एवं उनका उत्साहवर्धन किया।



भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा संयंत्र एवं खदानों के परिधीय ग्रामों में अनेक रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है। इसी कड़ी में नारी सशक्तीकरण के तहत ग्राम खमरिया (धनोरा) जिला दुर्ग में दिनांक 10 अक्टूबर 2022 से त्रैमासिक ड्राई फ्लावर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस षिविर में ग्राम खमरिया की कुल 25 महिलाएं सफ्लतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। प्रषिक्षण के दौरान प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को रुपये 3000 रूपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति भी प्रदान की जा रही है।

इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज शिल्प आधारित सामग्री की मांग देश एवं विदेशों तक की जा रही है। इस प्रशिक्षण के बाद महिलायें अपने उत्पाद की बिक्री के द्वारा अच्छी आय अर्जित कर सकती है।

इस प्रकार का प्रशिक्षण महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अहम भूमिका निभाता है, ताकि वे अपने परिवार को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। यह कृत्रिम पुष्प का निर्माण बेहद कम लागत में संभव है एवं इसकी बिक्री के लिए व्यापक अवसर हैं। इस अवसर पर भिलाई महिला समाज की तरफसे प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को सहयोग राशि भी प्रदान की गयी।

# सबसे तेज आर्थिक प्रगति करने वाला देश है भारत : केन्द्रीय वित्त मंत्री सीतारमण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली ( पीआईबी )।** भारत ने वर्ष 1990 के बाद बहुत तीव्र गति से प्रगति की है। वैश्विक मापदण्डों के अनुसार उत्पादन हो रहा है। अमृत काल के अगले 25 वर्ष में फोर-आई- इन्फ्रा-स्ट्रक्चर, इनवेस्टमेंट, इनोवेशन्स और इनक्लूजिव पर केन्द्रित प्रगति में प्रवासी भारतीय सक्रिय योगदान दें। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह आहवान आज प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के तीसरे दिन हार्नेसिंग द पोटेंशियल ऑफ वुमन डायस्पोरा इंटरप्रेन्योर्स टूवर्डस एन इनक्लूजिव एप्रोच टू नेशन बिल्डिंग सत्र की अध्यक्षता करते हुए किया। उन्होंने कहा कि आप भारतीय संस्कृति और भारत के ब्राण्ड एम्बेसडर हैं, जन-भागीदारी से भारत को उच्च शिखर पर ले जाने में सक्रिय योगदान दें। भारत वर्तमान और अगले साल का सबसे तेज गति से आर्थिक उन्नति करने वाला देश भी है।



केन्द्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बात दोहराते हुए कहा कि भारत कोई एक उत्पाद में नहीं बल्कि देश का हर जिला किसी न किसी विशेष उत्पाद से समृद्ध है। वाराणसी, कांजीवरम की साड़ियाँ, मुरादाबाद, सेलम के बर्तन, बासमती चावल, मसाले, हस्तशिल्प आदि उत्पादों की एक अपार श्रंखला है, जिसको आप अपने-अपने देशों में पहुँचाएं। उन्होंने बाँस का उदाहरण देते हुए कहा कि हिन्दुस्तानी बाँस को हस्तशिल्प के जरिये क्रिसमस के मौके पर देश के कोने-कोने तक पहुँचा कर शिल्पकारों और व्यवसाइयों की मदद के साथ भारत की उत्तम छवि का निर्माण भी किया जा सकता है।

केन्द्रीय मंत्री सीतारमण ने कहा कि आज भारत की बढ़ती आत्म-निर्भरता का प्रमाण है कि प्रत्येक कार में कोई न कोई पुर्जा भारत का बना हुआ है। फाइटर जेट, एयर बस, एयर क्राफ्ट भारत में बन रहे हैं। हजारों की संख्या में इंजीनियर्स सेमी-कंडक्टर डिजाइन बना रहे हैं। विश्व के 15 में से 14 हीरे भारत में तराशे जा रहे हैं। सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात है कि भारत चिप डिजाइनिंग में अग्रणी बन चुका है। भारत की 58 कम्पनी विश्व के उद्योग जगत में नेतृत्व कर रही हैं। वसुधैव कुटुम्बकम वाला भारत एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य में विश्वास करता है।

भारत विश्व का नॉलेज हब बन चुका है। आईटी कम्पनियाँ भारत के बाहर भी रोजगार उपलब्ध करा रही हैं। इनमें 1.6 मिलियन रोजगार दिये गये हैं। अमेरिका में औसत 106 डॉलर की दर पर वेतन दिया जा रहा है। भारत टेक हब बनकर उभरा है। भारत टेलेन्ट पूल में अति महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। यूपीआई में एक साल में 125 लाख करोड़ रूपए का योगदान हुआ है।

केन्द्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि अमेरिका के बाद भारत में सबसे ज्यादा दवाओं का निर्माण होता है। लगभग 80 प्रतिशत दवाईयाँ भारत में बन रही हैं। यही नहीं हर साल अनेक देश से दो मिलियन लोग इलाज कराने भारत आते हैं। भारत सूचना प्रौद्योगिकी, उपचार, नॉलेज हब आदि के रूप में प्रतिष्ठित हुआ है।

केन्द्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि भारत में कुल विश्व जनसंख्या की 17 प्रतिशत आबादी निवास करती है। इसके बावजूद वैश्विक प्रदूषण केवल 5 प्रतिशत है। इसको भी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के तहत सौर, पवन, बॉयोमास आदि नवकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करते हुए कम किया जा रहा है। इनसे कार्बन उत्सर्जन में कमी होने लगी है, जो कई हजार करोड़ पेड़ के बराबर होगी।

## हर जगह भटकने के बाद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के माध्यम से मिला त्वरित निःशुल्क न्याय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जिला एवम सत्र न्यायाधीश संतोष शर्मा की जानकारी में आते ही स्वयं इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री प्रवीण मिश्रा को आहूत करते हुए निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान करने के लिए आहूत किया।

मामले में अध्यक्ष संतोष शर्मा,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार आवेदिका को पैनल अधिवक्ता के माध्यम से सभी जानकारी प्रदान करवायी जा रही थी। आठ साल पुराने मामले में राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने बालोद जिला में संचालित एक अस्पताल के दो डॉक्टर तथा प्रबंधन से जुड़े लोगों को गलत इलाज करने से युवक की मौत होने पर 19 लाख 12:वार्षिक ब्याज जिसे मिलाकर लगभग कुल रकम 34 लाख जिससे माता पिता को मिलेगी आर्थिक सहायता।जुर्माने की राशि मृतक के माता-पिता को दी जाएगी। साथ ही अस्पताल प्रबंधन तथा डॉक्टरों को पांच हजार रुपए वाद व्यय देने का फैसला सुनाया है।मामले की सुनवाई में राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष ने राजहरा स्थित शहीद हॉस्पिटल के डॉ. एस. जाना, डॉ. प्रताप प्रभाकर तथा अस्पताल के अध्यक्ष अथवा सचिव के खिलाफ जुर्माने की सजा सुनाई है।

अस्पताल प्रबंधन के विरुद्ध दल्लीराजहरा निवासी पार्वती साहू तथा उसके पति अशोक साहू ने आयोग में परिवाद दायर की थी।

दोनों ने अस्पताल के चिकित्सकों पर आरोप लगाया था कि उनके 17 साल के बेटे सुजीत प्रसाद का उपचार कराने 16 अप्रैल 2011 को अस्पताल में भर्ती कराया। सुजीत को झटका आ रहा था। दोनों चिकित्सकों ने बगैर मलेरिया टेस्ट किए मलेरिया का इंजेक्शन लगा दिया। इसके कारण सुजीत को हरे रंग की उल्टियां हुई।

परिवादियों ने आयोग को बताया कि उनके बेटे की तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उन लोगों ने उसे सेक्टर-9 अस्पताल में ले जाने की बात कहा, तब डॉ जाना ने उसके बेटे को बांधकर ऑक्सीजन लगा दिया। सुजीत को ब्रेन ट्यूमर होने की बात कहकर 15 दिन के अंदर मौत होने की बात कही।

### गणतंत्र दिवस की प्रशासनिक तैयारियां शुरू

**राजनांदगांव।** जिले में 26 जनवरी 2023 को गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। जिला मुख्यालय के सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम स्कूल में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह को लेकर प्रशासनिक तैयारियां शुरू कर दी गई है। कलेक्टर डोमन सिंह ने आज सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के आयोजन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश देते हुए अधिकारियों को दायित्व भी सौंपे। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन गरिमामय ढंग से किया जाएगा।






















# भिलाई में केएफसी की फ्रेंचाइजी के नाम पर ठगाया नगर पंचायत का सीएमओ, बेटी के लिए ऑनलाइन किया था अप्लाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** केएफसी का फ्रेंचाइजी लेने के नाम पर नगर पंचायत अभनपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लाखों का चूना लगा। डेजी 424 बी ब्लाक तालपुरी भिलाई में रहने वाले राजेश तिवारी ने अपनी बेटी श्रृखंला तिवारी के नाम पर केएफसी की फ्रेंचाइजी लेनी चाही और इसके लिए ऑनलाइन फ्रेंचाइजी के लिये अप्लाई किया गया। सामने से कॉलर ने कॉल किया और फ्रेंचाइजी के लिए रुपए की मांग की। इस पर राजेश तिवारी ने 9 लाख 30 हजार 500 रुपए कॉलर के बताए खाते में आरटीजीएस कर दिया। इसके बाद भी उन्हें फ्रेंचाइजी नहीं मिली। बाद में पता चला कि वे ठगा गए हैं। इस मामले में शिकायत के बाद सुपेला पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।




पंचायत अभनपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश तिवारी ने बताया कि उन्होंने केएफसी की फ्रेंचाइजी के लिए http- swww.kfcfranchise.in/kfc- franchise application.php.html पर ऑनलाइन अप्लाई किया था। इसके बाद अभिषेक मित्तल (मोबाइल नं 918961258592) व राहुल कपूर (मोबाइल नं 918961258575) द्वारा केएफसी कंपनी की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर उनसे पैसे की मांग की गई। इन दोनों ने कंपनी के तरफ से letter of intent जारी कर दस्तावेज पत्र बैंक डिटेल में 1 लाख 55 हजार 500 रुपए RTGS या NEFT करने कहा गया।

इसके बाद राजेश तिवारी ने 21 दिसंबर 2022 को एक्सिस बैंक नेहरू नगर जाकर kfc Restorent PVT LTD में बैक अकाउंट नं 110086940094 ब्राच गोरे गांव वेस्ट मुम्बई मे राशि NEFT के माध्यम से जमा कराया गया। इसके बाद एनओसी के लिए RTGS के द्वारा एक्सिस बैंक नेहरू नगर में 775000 रुपए जमा किए। इसके बाद लगातार फोन पर अभिषेक मित्तल एवं राहुल कपूर से बात होती रही।

इसके बाद दोनों ने लायसेंस फीस जमा करने कहा तो राजेश तिवारी ने मुम्बई में कंपनी के दफ्तर में जाकर बात कर राशि जमा करने की बात कही। इसके बाद टालमटोल कर 28 फरवरी 2023 का अपान्टमेंट समय दिया गय। साथ ही लायसेंस फीस 15 लाख 50000 रूपए व अग्रीमेंट फीस 15 लाख 25000 रुपए जमा करने कहा गया। इस बार राजेश तिवारी को शक हुआ और उसने खाते की डिटेल चेक करवाई तो पता चला कि जिस खाते में उसने रुपए जमा कराए थे वह पटना बिहार का है। kfc Restorent मुम्बई के नाम से खाता न होकर किसी किशन कुमार के नाम से है। इसके बाद उन्हें ठगी का अहसास हुआ। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खास खबर

### ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**रायगढ़ (ए)।** जिले से एक बड़ी खबर निकल कर सामने आराही है। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से युवक के खून से फिर एक बार सड़क लाल हो चुकी है। बता दें कि इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार इस घटना के बाद युवक के परिजन और ग्रामीणों ने करीब आधे घंटे तक किया चक्का जाम किया । मौके पर पहुंची जूटमिल थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को समझने की कोशिश की। बता दें कि कबीर चौक उड़ीसा रोड स्थित पापुलर ढाबा के सामने लगभग 5:30 बजे के आसपास यह हादसा हुआ। रायगढ़ से उड़ीसा की ओर जाने वाली 10 चक्का ट्रक की चपेट में मिड़मिडा निवासी सुखदेव उरांव उम्र लगभग 25 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक सुखदेव उड़ाओ अपने ससुराल चंद्रपुर जाने के लिए निकला था। मृतक जैसे ही ढाबा के सामने पहुंचा उसी वक्त 10 चक्का ट्रक की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। जूटमिल पुलिस के द्वारा मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### घर में फटा गैस सिलेंडर, बाप बेटे घायल

**बलौदाबाजार (ए)।** भाटापारा शहर के शक्ति वार्ड में उस समय अफरा तफरी मच गई, जब घर में आग लगने के बाद गैस सिलेंडर फट गया और उसकी चपेट में दस वर्षीय बालक और पिता आ गए।

फिलहाल पड़ोसियों, नगर पालिका की टीम और पुलिस की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। घायल बच्चे और पिता को इलाज के लिए सिविल हॉस्पिटल भाटापारा लाया गया है, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर है। घटना की सूचना मिलते ही शहर पुलिस और नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि सुबह नौ बजे सूचना मिली कि शक्ति वार्ड के राजा मसीह के घर में आग लग गयी है। तत्काल हमारी पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तब तक पड़ोसियों और नगर पालिका टीम आग बुझाने का काम कर रही थी। आग से झुलसे बच्चे और पिता को इलाज के हॉस्पिटल लाया गया है। फिलहाल बड़ी जनहानि नहीं हुई है।

### करंट से युवक की मौत, ठेकेदार व पंचायत सचिव पर केस दर्ज

**अंबिकापुर (ए)।** पुलिस ने करीब सवा दो महीने पहले शहर से लगे ग्राम बकरिमा के बटुआडांड़ में पंचायत द्वारा बनाए गए नल में करंट लगने से एक युवक की हुई मौत के मामले में ठेकेदार और पंचायत सचिव के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि मामले में पंचायत सचिव नइमुद्दीन खान और ठेकेदार कमल राय के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। इनके द्वारा गांव में सरकारी योजना के तहत बोरिंग कर पंप लगाया था। पंप चलाने पास के पोल से अवैध बिजली का कनेक्शन लिया था। पंप हाउस में सुरक्षा के इंतजाम नहीं थे। इसी दौरान पंप में लिए गए कनेक्शन के तार की चपेट में आने से करीब सवा दो माह पहले बकरिमा के बुटआडांड़ निवासी अनुज तिर्की की करंट लगने से मौत हो गई थी।

### डाक्टरों को रोककर मारपीट, कार में भी की तोड़फोड़

**बिलासपुर (ए)।** तोरवा क्षेत्र में डाक्टरों को रोककर मारपीट और कार में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। डाक्टरों ने बताया कि उनकी कार से टकराकर एक बालक घायल हो गया था। उसका डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद उसे इलाज के लिए रुपये लेकर जा रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने उन्हें रोककर मारपीट की है। डाक्टरों की शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर हमलावर युवकों की तलाश कर रही है। सरकंडा के राजीव विहार में रहने वाले डा. उमाकांत राठौर सिम्स में काम करते हैं। मंगलवार की सुबह 10 बजे वे अपने मित्र डॉ. शीतल प्रसाद साहू को साथ लेकर बलौदाबाजार जा रहे थे। लालखदन ओवरब्रिज के पास बाइक सवार बालक मोबाइल बात करते हुए उनकी कार के मिरर से टकरा गया। इससे बालक बाइक समेत सड़क पर गिर गया।

# जहर खाकर व्यक्ति ने की आत्महत्या, पत्नी की मौत के बाद अवसाद में था शख्स

**कोरबा (ए)।** कोरबा जिले के करतला में एक व्यक्ति ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक बृजलाल (52 वर्ष) पत्नी की मौत के बाद अवसाद में चला गया था। वो खेती कर अपना जीवनयापन करता था और उसके कोई बच्चे नहीं थे। जहर खाने के बाद उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मामला करतला थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, करतला का रहने वाला बृजलाल एकाकी जीवन जी रहा था। वो नि:संतान था और उसकी पत्नी ती मौत बीमारी के चलते कुछ साल पहले हो गई थी। पत्नी के जाने के बाद से वो अकेलेपन का शिकार हो गया और शराब में सहारा ढूंढने लगा। धीरे-धीरे उसे शराब की लत लग गई। वो हर वक्त शराब के नशे में धुत रहता था। मंगलवार को उसने शराब के नशे में कीटनाशक का सेवन कर लिया। अपने भतीजे संतराम की बाड़ी में वो बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ था।

जब परिजनों की नजर बाड़ी में पड़े बृजलाल पर गई, तो वे तुरंत उसे लेकर करतला उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार जनार्दन ने बताया कि बृजलाल उसके भतीजे संतराम के साथ रहता था। शराब के नशे में ही उसने कीटनाशक का सेवन किया था, जिसकी वजह से उसकी तबियत अचानक बिगड़ गई और बाद में मौत हो गई। उन्होंने कहा कि केस डायरी संबंधित थाना क्षेत्र को आगे की जांच के लिए भेजी जाएगी।

# घर पर सो रहे पिता को अगुवा कर बेटो ने कर दी हत्या, चार दिन पहले पेड़ पर लटकी मिली थी लाश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** जिले में रिश्तों को तार-तार करने वाला मामला सामने आया है। यहां पर दो बेटों ने मिलकर अपने पिता को पहले घर से अगवा किया और सुनसान जगह पर अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बद पिता का शव पेड़ पर लटका दिया ताकि मामला आत्महत्या का लगे। इस मामले में पुलिस ने आरोपी बेटो व उसके दोनों साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। कांकेर पुलिस ने मंगलवार को इस मामले का खुलासा किया।



बता दें 6 जनवरी की सुबह जिले के घोटिया निवासी दरियाव कुमेटी (70) की लाश पेड़ से लटकी हुई मिली थी। जांच में पता चला कि एक दिन पहले गुरुवार की रात को कुछ नकाबपोश घर पहुंचे और उसे उठाकर ले गए थे। सुबह शव मिलने के बाद उसके बेटे ने पुलिस को सूचना दी थी। शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने हत्या के एंगल से ही मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि बुजुर्ग का अपने बेटो से विवाद चल रहा था। पुलिस का शक उसके दोनों बेटो तुरसेन कुमेटी और नरसिंह कुमेटी को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

पहले तो दोनों ने गुमराह करने का पूरा प्रयास किया। इसके बाद पुलिस की जांच आगे बड़ी और उनका शक उसके दोनों बेटों पर बढ़ गया। एक बार फिर से दोनों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों टूट गए और सच्चाई बता दी। आरोपी तुरसेन कुमेटी और नरसिंह कुमेटी ने पुलिस को बताया उसके पिता झाड़-फूंक का काम करते थे इसके लिए गांव में लोग दोनों को ताना मारते थे। इसके अलावा पिछले दिनों धान बेचने से पैसा भी मिला था जो मांगने पर बेटों को नहीं दिया था।

इस वजह से दोनों ने बुजुर्ग की हत्या का प्लान बनाया और घटना वाले दिन दोनों ने अपने चचेरे भाई जय कुमेटी और दोस्त सनत दुग्गा के साथ अपने पिता को घर से उठाया और सुनसान जगह पर लाठी-डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी। घटना के बाद शव को पेड़ में टांग कर वापस लौटकर सो गए। किसी को शक न हो इसके लिए दूसरे दिन खुद की पुलिस को फोन कर अपने पिता का शव मिलने की सूचना भी दी।

# 200 रुपए के लिए अपने ही दोस्त की हत्या कर दफना दी लाश, तीन दिन बाद पकड़ाए आरोपी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** जिले में महज 200 रुपए के लिए 7 युवकों ने मिलकर अपने बाइक मेकेनिक दोस्त की बेरहमी से हत्या कर शव को दफ्ना दिया। रातभर घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने दूसरे दिन थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई ओर कुछ युवको पर शक भी जताया। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की तो तीन दिन बाद पता चला कि युवक की हत्या कर दी गई है। इस मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक आरोपी फरार बताया जा रहा है।



पुलिस के अनुसार घटना 6 जनवरी की है। यहां बाइक रिपेयरिंग की दुकान चलाने वाला वाहिद अली (26) अपनी दुकान को छोड़कर लापता हो गया था। रातभर घर नहीं लौटने पर दूसरे दिन 7 जनवरी को परिजनों ने देवभोग थाने में अपहरण का मामला दर्ज कराया। इस दौरान परिजनों ने उसके कुछ दोस्तों पर शक जताया था। पुलिस ने शक के आधार पर संदिग्धों को हिरासत में लिया और पूछताछ की। पहले तो वे गुमराह करते रहे लेकिन बाद में टूट गए।

इस मामले में पुलिस ने किशन हरपाल (27) निवासी सरगिगुड़ा, जय प्रकाश मरकाम (20) निवासी मूंनगापदर, कौशल पावड़े (22) निवासी उरमाल, बृजलाल मांझी (22) निवासी उरमाल, भवानी शंकर हरपाल (18) निवासी सरगिगुड़ा, उमाशंकर सोनवानी (19) निवासी मटिया को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। वहीं एक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

### हैरान करने वाल है हत्या की वजह

पूछताछ में ओरोपियों ने हत्या की जो वजह बताई वह हैरान करने वाली है। पुलिस ने बताया कि 6 जनवरी को जयप्रकाश की बाइक खराब हो गई थी। उसके बनवाने अपने दोस्त के साथ वाहिद के पास पहुंचे। बाइक बनाने के बाद वाहिद ने जयप्रकाश से 200 रुपए मांगे। यह बात उसे बुरी लगी उसने दोस्ती का वास्ता दिया तो वाहिद ने उसे खरीखोटी सुना दी। तब तो जयप्रकाश वहां से चला गया लेकिन रात को अपने अन्य साथियों के साथ पहुंचा और वाहिद से मारपीट कर उसे सरगीगुडा के पास खंडहरनुमा स्कूल में ले गए। वहां उसकी चाकू से गोदकर हत्या की और शव को शमशान में ले जाकर गाड़ दिया। इसके बाद सभी अलग अलग चले गए।

इस मामले में पुलिस ने सबसे से पहले किशन हरपाल को हिरासत में लिया था। पूछताछ में वह बार बार बयान बदल रहा था जिससे पुलिस को शक हुआ। इसके बाद पुलिस ने उससे कड़ाई से पूछताछ की तो वह टूट गया और सारा सच उगल दिया। इसके बाद पुलिस ने एक-एक कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदेही पर शव को कब्र से निकालकर पीएम कराया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 302, 365, 364, 201, 147, 148, 149 के तहत केस दर्ज कार्रवाई की।

### रेल्वे के वैगन रिपेयर शॉप में करोड़ो रूपए का गबन, अधीक्षक गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** प्रदेश की राजधानी रायपुर स्थित रेल्वे के वैगन रिपेयर शॉप में अबतक का सबसे बड़ा घोटाला सामने आया है। यहां कार्यालय अधीक्षक के पद पर पदस्थ रोहित पालीवाल ने 1 करोड़ 80 लाख रुपए का गबन कर लिया। इस मामले को लेकर चीफ वर्कशॉप मैनेजर सुभाषचंद्र चौधरी ने खमतराई थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने रोहित पालीवाल समेत 5 रेलवे कर्मचारियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि डब्लूआरएस में कार्यालय अधीक्षक के पद पर पदस्थ रोहित पालीवाल को इंटरनेंट बैंकिंग के जरिये ऑफिस के पैसों को ऑपरेट करने की अनुमति थी। जिसका नाजायज फायदा उठाते हुए उन्होंने 1 करोड़ 80 लाख से ज्यादा की राशि का आहरण कर लिया। शुरूआती जांच में खुलासा हुआ कि 12 अप्रैल 2022 से 24 अक्टूबर 2022 के बीच आरोपी रोहित पालीवाल ने शासकीय राशि को करीब 10 ऐसे खातों में ट्रांसफर कर दिया जो रेल्वे कर्मचारी तो दूर रेल्वे के वैंडर तक नहीं है।

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### आधार कार्ड से मतदाता पहचान पत्र को जोड़ने के लिए विशेष शिविर का आयोजन

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 07 शिक्षक नगर में ताम्रकार घर्मशाला पानी टंकी के पास आज शिविर का आयोजन किया गया।भारतीय डाक विभाग की सहयोग से आधार नामांकन और अधतनीकरण सेवा जिसके अंतर्गत संशोधन, त्रुटि एवं मोबाइल नंबर दर्ज करने कार्य हेतु विशेष शिविर का आयोजन।इसके पर्व 3 दिनों तक लुचकी तालाब छेत्र में खटीक धर्मशाला में शिविर आयोजन हुआ, 3 दिनों में लगातार 100 लोगो ने आधारकार्ड संबंधी समस्या का सफ्लतापूर्वक हल हुआ। चौथे दिन लगातार कल भी ताम्रकार धर्मशाला में यह कार्य किया जाना है शहर के किसी भी स्थान के लोग आ कर सेवा का लाभ ले सकेंगे।पार्षद व एमआइसी सदस्य मनदीप सिंह भाटिया ने वार्ड के नागरिको से आग्रह किया गया कि आधार कार्ड से मतदाता पहचान पत्र को जोड़ने के लिए विशेष शिविर का आयोजन में पहुंचकर सेवा का लाभ लेवे। सुबह 10 बजे से दोपहर 3:30 बजे के बीच शिविर आयोजित किया जाएगा। आधार कार्ड को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ने के लिए जागरूकता पैदा करने के लिए विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। मतदाता फॉर्म-6बी के माध्यम से मतदाता पहचान पत्र के साथ अपने आधार नंबर का विवरण प्रदान करके दो दस्तावेजों को लिंक कर सकते हैं।

### केम्प क्षेत्र में अतिक्रमण करने वाले व्यवसायियों के विरूद्ध हुई कार्रवाई

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध कब्जा, अवैध अतिक्रमण करने वालों पर शिकंजा कसते हुए उनके विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है, जोन 03 मदरटेरेसा नगर क्षेत्र में निगम के राजस्व विभाग की टीम ने 18 नं. रोड पर सड़क किनारे नाली पर अतिरिक्त निर्माण और बांस, बल्ली व टीन से अस्थाई रूप से कब्जा कर व्यवसाय करने की शिकायत पर विभिन्न स्थानों पर कार्यवाही करते हुए तोड़फोड़ उपरांत सामग्री को जप्त किया। निगम क्षेत्र में अतिक्रमण, अवैध निर्माण करने वालों पर शिकंजा कसने निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारी/कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए है, ताकि ऐसे अनाधिकृत कार्य करने वालों की रोकथाम की जा सके। जोन 03 के सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम ने बताया कि नंदनी रोड पर सड़क के किनारे अतिक्रमण की शिकायत मिली थी। जिस पर आज निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। उन्होंने बताया कि 18 नं रोड केम्प व्यवसायिक क्षेत्र होने से भारी संख्या वाहनों की आवाजाही होती रहती है, हमेशा भीड़ भाड़ वाले इस मार्ग पर बड़े छोटे सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही दिनभर होते रहती है, इस कारण ट्राफिक का दबाव रहती है। केम्प क्षेत्र में खंडे होटल, शेख पशु आहार, गुप्ता स्नैक्स, हरिओम ट्रेडर्स, राजेश बुक डिपो सहित अन्य दुकान संचालक अतिरिक्त निर्माण कर लिए थे, जिसके कारण अक्सर जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी। व्यवसायियों द्वारा नाली के उपर अतिरिक्त निर्माण कर आने जाने के लिए सीढ़ी, चबूतरा व सामान रखने के लिए रेम्प बनाया लिया गया था, दुकानों के सामने बेतरतीब तरीके से वाहनों के पार्किंग होने से आवागन बाधित होता था।

### विधायक देवेंद्र की पहल से खुर्सीपार क्षेत्र में लग रहा सीसीटीवी कैमरा

# अब अपराधियों पर चौबीसो घंटे रहेगी तीसरी आंख की नजर, अपराध पर लगेगा अंकुश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल से खुर्सीपार क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरा लगाया जा रहा है। हाईक्वालिटी इस सीसीटीवी कैमरों के लगने से क्षेत्र में अपराधिक तत्वों में अकुंश लगेगा। अपराधिक तत्व डरेंगे और यदि कोई अपराधिक कार्य करेगा तो सीसीटीवी कैमरों में रिकार्ड हो जाएगा। जिसके माध्यम से पुलिस को अपराधिक तत्वों को पकड़ने में सुविधा होगी।**





भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार खुर्सीपार छावनी क्षेत्र के सभी वार्डों में जाकर लोगों से भेंट मुलाकात करते है। कुछ दिनों पहले भेंट मुलाकात के दौरान वार्ड की माताओं और बहनों ने भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव से मांग की थी कि उनके क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए। क्योंकि खुर्सीपार के विभिन्न इलाकों में रात में असामाजिक तत्वों को डेरा रहता है। कई तहर के अपराधिक घटनाओं का खतरा बना रहा है। इस वजह से शाम होने के बाद महिलाएं घर से बाहर निकलने के लिए डरती है। क्षेत्र की माताओं और बहनों की समस्याओं की मांग को विधायक देवेंद्र यादव ने गंभीरता से लिया और क्षेत्र में अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के साथ ही अपराधिक तत्वों की पहचान हो सकें। इसके लिए उन्होंने फैसला लिया कि खुर्सीपार क्षेत्र के प्रमुख चौक चौराहों में सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। इसके लिए उन्होंने तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया और प्रस्ताव बनवाकर विधायक श्री यादव ने स्वयं सीएम से बात की प्रस्ताव पास कराया। जिसके बाद अब खुर्सीपार के विभिन्न इलाकों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का काम शुरू हो चुका है।

### 19 लाख की लागत से लग रहे सीसीटीवी कैमरे


खुर्सीपार क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों में सीसीटीवी कैमरा लगाया जा रहा है। करीब 19 लाख की लागत से इन कैमरों को लगाया जा रहा है। हाई क्वलिटी इन कैमरों को खुर्सीपार के प्रमुख सड़क के चौक चौराहों में लगाया जाएगा। कुछ ही दिनों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का काम पूरा कर लिया जाएगा।

### माताओं और बहनों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण

हमारी माताओं और बहन बेटियों की सुरक्षा हमारे लिए सबसे जरूरी है। क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बानी रही और कोई अपराध ना हो इस सोंच के साथ हम खुर्सीपार क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरा लगाया जा रहा है। इससे काफी लाभ होगा।

**देवेंद्र यादव**
भिलाईनगर विधायक

# कलेक्ट्रेट बिल्डिंग का जल्द होगा रिनोवेशन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिले के ऐतिहासिक कलेक्ट्रेट कार्यालय के रिनोवेशन का काम शीघ्र ही आरंभ होगा। रिनोवेशन कार्य में इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि कार्यालय का हेरीटेज लुक किसी तरह प्रभावित न हो। इमारत में आधुनिक बिल्डिंग के अनुरूप सभी जरूरी सुविधाएं होंगी। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने इसका काम शीघ्र आरंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। साथ ही उन्होंने जिले में निर्माणाधीन सभी अधोसंरचनाओं के निर्माण की प्रगति के संबंध में समीक्षा की।

समीक्षा बैठक के दौरान दुर्ग शहर में ठगड़ा बांध और नगर चौपाटी का काम शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिया। साथ ही दिव्यांग बच्चों के लिए तथा बुजुर्ग लोगों के लिए प्रस्तावित भवनों की प्रगति की समीक्षा भी उन्होंने की। अगले साल दुर्ग और भिलाई में प्ले स्कूल भी शुरू होंगे जिसमें प्राइवेट स्कूलों की तरह ही छोटे बच्चों की पढ़ाई के लिए आधुनिक सुविधाएं होंगी। साथ ही सेंट्रल लाइब्रेरी के निर्माण के लिए भी शीघ्र ही काम आरंभ हो जाएगा।

कलेक्टर ने बताया कि वन विभाग द्वारा महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्लांटेशन का विस्तृत वर्किंग प्लान तैयार किया गया है। इसमें हर तालाब, सड़क किनारे, सरकारी भवनों की खाली जमीन आदि में लगने वाले पौधे और इनकी संख्या का प्लान किया गया है। इस पर शीघ्र ही कार्य आरंभ हो जाएगा। इसके चलते शहर में हरियाली का दायरा तेजी से बढ़ेगा। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि शिवनाथ नदी के तटबंध काफी सुंदर है और लोगों की तफरीह के लिए बहुत खूबसूरत जगह है।

# आचार्य हरिनारायण भगवान के विराट स्वरुप का वर्णन किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। मथुरा के प्रसिद्ध भगवद् कथा वाचक आचार्य हरिनारायण भारद्वाज ने मंगलवार को भगवान कृष्ण के अनंत विराट स्वरूप का वर्णन किया. उन्होंने बताया कि श्री कृष्ण ने अर्जुन को अपने अनंत-रूप को देखने के लिए दिव्य दृष्टि प्रदान की. अर्जुन ने देखा समस्त सृष्टि भगवान के विराट स्वरूप में समायी हुई है. इसका कोई आदि या अंत नहीं है और यह सभी दिशाओं में असीम रूप से विस्तृत है।**



उनका तेज आकाश में एक साथ दहकते हजारों सूर्यों के समान है. बाद में अर्जुन की प्रार्थना पर, श्रीकृष्ण अपने चतुर्भुज रूप में गदा, चक्र, शंख और कमल का फूल धारण करके प्रकट हुए.

इसके तुरंत बाद, उन्होंने आकर्षक श्री कृष्ण के अपने सौम्य और प्रेमपूर्ण द्विभुज रूप धारण कर लिया. भगवान कृष्ण ने अर्जुन से कहा कि केवल अनन्य भक्ति से ही कोई ईश्वर को देख सकता है, उसे जान सकता है और उसके साथ योग प्राप्त कर सकता है. तत्पश्चात आचार्य भारद्वाज ने ध्रुव की कथा सुनाई. उन्होंने कहा कि ध्रुव ने भक्ति की शक्ति का उदाहरण दिया है. भक्ति शब्द का अर्थ भगवद अनुरक्ति या भगवान से लगाव है. ध्रुव ने सर्वोच्च आनंद प्राप्त किया और मानव जाति को दिखाया कि दृढ़ विश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ, कोई भी भगवान के साथ एक होने की ऊंचाई तक पहुंच सकता है. इससे पहले सोमवार को श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ की भव्य कलश यात्रा के साथ शुरुआत हुई।

# स्वरूपानंद महाविद्यालय में विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको भिलाई में विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर रेडियो लोक वाणी 8906 एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महिला उत्पीडन् विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए डॉ. सुनीता वर्मा विभागाध्यक्ष हिन्दी ने बताया कि विश्व हिंदी दिवस का प्रारंभ 10 जनवरी 1975 में हुई जब पहली बार महाराष्ट्र के नागपुर में पहला हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया। विश्व के सभी देशों में हिन्दी बोलने व जानने वाले लोग रहते हैं। हिन्दी भावी लोगों को एकजुट करने के उद्देश्य और हिन्दी की उपयोगिता को अवगत कराने के उद्देश्यों से विश्व हिन्दी दिवस मनाते हैं। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिससे महिलाओं के प्रति की जाने वाली हिंसा के प्रति लोग जागरूक हो सकें।

महाविद्यालय के मुख्य कार्यकारिणी अधिकारी डॉ. दीपक शर्मा व प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने विश्व हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए हिन्दी विभाग को कार्यक्रम आयोजन के लिए बधाई दी। उपप्राचार्य डॉ. अजरा हुसैन ने समसामायिक विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए बधाई देते हुए कहा हिंदी हर जन की भाषा है इसे बोलने व समझने वाले संपूर्ण विश्व में मिल जाएंगे। अगर हम विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर महिला उत्पीडन् पर जागृति फैला रहे हैं। यह अत्यंत गर्व का विषय है।

रेडियो लोकवाणी के कार्यक्रम संयोजक चित्रा सिन्हा ने कहा भारतीय समाज पुरूष प्रधान होने के कारण महिलाओं को अनेक अत्याचार का सामना करना पड़ता है जिसमें से मुख्य दहेज प्रथा, यौन उत्पीडन्, महिलाओं के साथ लूटपाट, मारपीट, छेड़छाड आदि। महिला उत्पीडन् को लेकर अनेक कानून बनाये गये हैं पर महिला हिंसा से जुड़े मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। शारीरिक चोट पहुंचाना ही हिंसा नहीं है अपितु मौखिक रूप से अपशब्द कहकर मानसिक रूप से परेशान करना भी हिंसा ही है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा के इन्द्रधनुषी रंग बिखेरते हुए महिला उत्पीडन् को रेखांकित करते हुए पोस्टर पर उनके दर्द को उकेरा व बताया कि आज महिलाएं माता के गर्भ में भी सुरक्षित नहीं हैं।

# यंगिस्तान कप के पांचवे दिन कुल 16 मैच खेले गये

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित यंगिस्तान कप 2023 के पांचवे दिन समिति के युवा शाखा अध्यक्ष मनीष पाण्डेय स्वयं मैदान में उतरे और भिलाई की सफाई अभियान में सहभागिता निभाते हुए मैदान की सफाई की। इस दौरान समिति के सदस्य एवं युवा साथियों ने भी स्वच्छता कार्य में सहभागिता दी।**



उन्होंने सभी खिलाड़ियों और उपस्थितजनों से आह्वान किया कि सभी भिलाई की सफाई अभियान से जुड़ें और भिलाई को स्वच्छ बनाने का प्रण लें। यंगिस्तान कप के पांचवे दिन आज कुल 16 मैच खेले गये, जिसमें राधिका नगर में 6 मैच व खुर्सीपार एवं रिसाली में 5 मैच खेले गये। इस दौरान मैदान में दर्शकों और खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। रिसाली दशहरा मैदान में खेले गये पहले मैच में लगान इलेवन ने 23 रन से जीत दर्ज की जिसमे मेन ऑफमैच संजय रहे। वहीं दूसरे मैच में रुआबांधा की टीम ने 45 रन से जीत हासिल की जिसमें मैन ऑफ द मैच सन्नी रहे। तीसरे मैच में स्टुडेंट ने 7 विकट से जीत हासिल की। इसी तरह चौथे मैच में बोल बम व पांचवे मैच में पुलिस लाईन ने 9 रन से जीत हासिल की। मैदान में एम्पायर के रूप में राम मूर्ति, आनंद, जीवन लाल और मयंक श्रीधर थे।

इसी तरह राधिका नगर में खेले गये मैच में पहले मैच में भिलाई नर्सिंग होम, दूसरे मैच में शिवाजी इलेवन, तीसरे मैच में सिसकोल इलेवन, चौथे मैच में सीजी 07 भिलाई, पांचवे मैच में लायन इलेवन व छठवें मैच में एनसीसी दुर्ग ने शानदार जीत दर्ज की। खुर्सीपार में खेले गये मैच में पहले मैच में मिनीमैक्स, दूसरे मैच में थंडर ब्वायज, तीसरे मैच में सायको ब्वायज, चौथे मैच में चैलेंजर्स इलेवन व अंतिम मैच में बजरंगी इलेवन ने जीत हासिल की।

मैच के दौरान मुख्य रूप से प्रवीण पाण्डेय, मुकेश पाण्डेय, विष्णु पाठक, रविन्द्र भगत, महेश वर्मा, धर्मेंद्र भगत, रंगबहादुर सिंह, मदन सेन, मुकेश सिंह, अकबर अली बब्बू, श्रीनू, प्रकाश यादव, आदित्य टोप्पा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### नई एजेंसी शीघ्र करेगी भिलाई में टैक्स वसूली का काम एजेंसी ने दिया अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षण

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत राजस्व करो की वसूली के अंतर्गत डोर टू डोर, राजस्व संपत्तिकर, समेकित कर, जलकर, विज्ञापन कर, यूजर चार्ज इत्यादि की वसूली कार्य के लिए नई एजेंसी शीघ्र ही टैक्स वसूली का काम चालू कर देगी। इसके लिए एजेंसी ने अपने कर्मचारियों को आज प्रशिक्षण दिया है। श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स प्राइवेट लिमिटेड की एजेंसी अब टैक्स वसूली का काम करेगी। निगमायुक्त रोहित व्यास ने नई एजेंसी को शीघ्र टैक्स वसूली का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं इसके साथ ही निगम के अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर टैक्स वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए है। डोर टू डोर वसूली से लेकर टैक्स की अच्छी वसूली के लिए निगम का राजस्व बढ़ाने का काम अब नई एजेंसी करेगी। इसके तहत निगम नया आईडी जारी करने का भी काम करेगा। एजेंसी के द्वारा एक समरूपता के तहत कर्मचारियों को ड्रेस कोड तथा पहचान पत्र प्रदान किया गया है, ताकि जब यह टैक्स वसूली के लिए जाएं तो टैक्स कलेक्शन में इन्हें आसानी हो। उल्लेखनीय है कि स्पैरो के अनुबंध की अवधि दिनांक 30 दिसंबर 2022 को समाप्त हो चुकी है।

# नवा रायपुर में मध्य भारत के पहले फूड टेस्टिंग लैब का निर्माण कार्य शुरू

### कार्पोरेशन चेयरमेन अरुण वोरा ने लिया जायजा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। नवा रायपुर में साढ़े 19 करोड़ की लागत से फूड टेस्टिंग लैब का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। NRDA (नया रायपुर डवलपमेंट अथॉरिटी) ने टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के बाद लैब का निर्माण शुरू करा दिया। आज छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन के चेयरमेन अरुण वोरा ने आज एनआरडीए और वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन के अधिकारियों के साथ फूड टेस्टिंग लैब निर्माण कार्य का जायजा लिया। लैब का निर्माण लगभग साढ़े 19 करोड़ की लागत से किया जाएगा।**



वोरा ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन द्वारा नवा रायपुर में मध्य भारत के पहले फूड टेस्टिंग लैब का निर्माण कराने निर्णय लिया गया था।

इसकी डिजाइन से लेकर टेंडर प्रक्रिया पूरी करने में समय लगा। अब सारी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। वोरा ने हत्र्ष्ठ के अधिकारियों से निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने कहा है। वोरा ने कहा कि 6 माह के भीतर लैब का निर्माण कार्य पूरा किया जाए। निर्माण कार्य पूरा होने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करकमलों से इसका लोकार्पण कराया जाएगा। फूड टेस्टिंग लैब निर्माण के लिए वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन के नोडल अधिकारी आगा हुसैन ने बताया कि लैब निर्माण के लिए एनआरडीए द्वारा स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन को करीब डेढ़ एकड़ भूमि का आवंटन किया गया है। एनआरडीए द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूरी की गई है और अब इस लैब का निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है।

### फूड टेस्टिंग लैब से मिलेगी ये सुविधाएं

अभी तक राज्य में फूड टेस्टिंग लैब न होने के कारण खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच करने दूसरे राज्यों के लैब में भेजना पड़ता है। इसकी जांच रिपोर्ट आने में काफी समय लगता है। नवा रायपुर में फूड टेस्टिंग लैब का निर्माण कार्य पूरा होने पर छत्तीसगढ़ राज्य के गोदामों में स्टोर किए गए चावल सहित अन्य खाद्य सामग्री के अलावा राज्य में बिकने वाली खाद्य सामग्री जैसे पैकेज्ड फूड आइटम सहित सभी प्रकार की खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच हो सकेगी। इससे समय और धन की बचत होगी। गुणवत्ताहीन खाद्य सामग्री की बिक्री, सप्लाई आदि पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

# गतका एसोसिएशन के महासचिव जसवंत सिंघ खालसा को एनजीएआई में मुख्य प्रभारी का मिला दायित्व

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। वर्ल्ड गतका फेडरेशन एवं एशियन गतका फैडरेशन द्वारा मान्यता प्राप्त नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफइंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरजीत सिंह ग्रेवाल ने गतका ऐसोसिएशन ऑफछत्तीसगढ़ के महासचिव जसवन्त सिंघ खालसा को (एनजीएआई) सेंट्रल जोनल बोर्ड के 'मुख्य प्रभारी' के रूप में नियुक्त किया गया।**



जिसके तहत छत्तीसगढ़ के दायित्वों के अलावा ज़ोन में संबंधित राज्य गतका संघों के साथ विभिन्न राज्य/जिला स्तर के टूर्नामेंट, आयोजन, आयोजन की योजना, पर्यवेक्षण और आयोजन के लिए समन्वय करेंगे। खिलाडियों, प्रशिक्षकों, रेफ्री और तकनीकी के लिए प्रशिक्षण/कोचिंग शिविर और इसके अलावा गतका प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने और परिचय देने का अधिकार है।

राज्यों के स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में गतका खेल के अलावा वार्षिक रूप से भाग लेंगे। जसवन्त सिंघ खालसा ने बताया कि पिछले महीने चंडीगढ़ में आयोजित नेशनल गतका चैम्पियनशिप के दौरान गतके के संबंध में अहम चर्चा हुई थी। मार्शल आर्ट गतका के प्रचार के लिए सामाजिक सेवाओं, प्रतिबद्धता और गहरी रुचि की सराहना करते हुए वहीं समापन समारोह में इसकी औपचारिक घोषणा अध्यक्ष द्वारा की गई थी और अधिकारिक रुप से नियुक्ति पत्र आज प्राप्त हुआ। ये जिम्मेदारी मिलना न सिर्फ मेरे लिए बल्कि भिलाई के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है हम अपनी टीम के साथ मिल छत्तीसगढ़ और मध्य जोन में गतके के विकास और प्रचार के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

इस संबंध में गतके के जानकार लोगों को बड़ी जिम्मेदारियाँ दी जायेंगी और योग्यता के आधार पर विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की जायेंगी। सबकी राय से नये सत्र की योजनाओं पर कार्यक्रम तय किए जाएंगे। जसवन्त सिंघ खालसा ने (एनजीएआई) के अध्यक्ष हरजीत सिंह ग्रेवाल का छत्तीसगढ़ के गतका खिलाडियों और सभी खेल प्रेमियों की ओर से आभार व्यक्त किया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950